
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



बॉर्डर 2 से सामने आया .....



यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं .......

वर्ष : 11 | अंक : 351 | लखनऊ, 11 दिसम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## योगी सरकार का निकायों को निर्देश

# यूपी में शहरी क्षेत्र का नए सिरे से तैयार होगा नया नक्शा

यूपी में योगी सरकार शहरी क्षेत्र का नए सिरे से नया नक्शा तैयार कराएगी। शहरी क्षेत्र का नक्शा तैयार करने की जिम्मेदारी निकायों को सौंपी गई है। इसमें वर्ष 2011 के बाद शहरी क्षेत्र में आने वाले स्कूल, कॉलेज व प्रतिष्ठान आदि को चिह्नित किया जाएगा। जिलाधिकारियों को निर्देश भेजे गए।

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,**

योगी सरकार ने प्रस्तावित नई जनगणना के लिए उत्तर प्रदेश में तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके पहले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का बंटवारा अलग-अलग होगा। इसमें दोनों का दायरा तय करते हुए नए सिरे से नक्शा तैयार किया जाएगा। शहरी क्षेत्र का नक्शा तैयार करने की जिम्मेदारी निकायों को सौंपी गई है। इसमें वर्ष 2011 के बाद शहरी क्षेत्र में आने वाले स्कूल, कॉलेज व प्रतिष्ठान आदि को चिह्नित किया जाएगा। निकायों को 20 दिसंबर तक इसकी सूचना निदेशालय को उपलब्ध करानी होगी।

स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने इस संबंध में निकायों के साथ जिलाधिकारियों को विस्तृत निर्देश भेजा है। इसमें कहा गया है कि देश में नई जनगणना कराई जानी है। इससे पहले नगरीय निकायों के विस्तारित क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि वर्ष 2011 के बाद कितना शहरी दायरा बढ़ा। निकायों से सटे हुए सभी राजस्व गांवों के साथ वाह्य वृद्धि वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसकी जानकारी देने के साथ नक्शा अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। इसमें संबंधित नगर और उसके आसपास के राजस्व गांवों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। विकसित क्षेत्रों में आने वाले राजस्व गांवों की सीमा का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए, जिससे सीमाओं का स्पष्ट रूप से पता चल सके। किसी निकाय में सीमा का विस्तार नहीं हुआ है तो वो उसके द्वारा 'निल' की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाएगी।



### पूरी जानकारी जनगणना निदेशालय को दी जाएगी

सभी निकायों व जिलों द्वारा प्रस्तावों को अंतिम रूप से देने से पहले स्थलीय जांच व प्रमाणीकरण करते हुए सभी जरूरी कागजात के साथ उसे निदेशालय में भेजा जाएगा। प्रस्ताव में यह जानकारी दी जाएगी कि उनके वृद्धि वाले क्षेत्रों में कितने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, प्रतिष्ठान या अन्य किसी तरह के कितने संस्थान आए हैं। शहर का मौजूदा कितना दायरा है। निकायों से मिलने वाली सूचना के आधार पर इसकी पूरी जानकारी जनगणना निदेशालय को दी जाएगी, जिससे नई जनगणना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की अलग-अलग स्पष्ट रूप से पहचना हो सके।

## खबर संक्षेप

### आवारा कुत्तों को एनिमल लवर्स के घर छोड़ दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और हमलों से निपटने के लिए विधायकों के साथ बैठक करने पर सहमति व्यक्त की। भोसरी से भाजपा विधायक महेश लांडगे ने मांग की कि हमला करने वाले कुत्तों को 'पकड़कर सीधे एनिमल लवर्स के घरों में छोड़ देना चाहिए। ताकि, उन्हें समस्या की गंभीरता का अहसास हो सके।



### गाय को खिलाया चिकन मोमोज, गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां के सेक्टर-56 थाना क्षेत्र में गाय को चिकन मोमोज खिलाने पर युवक को पीटने का मामला सामने आया है। गोरक्षकों ने युवक की जमकर धुलाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। युवक सोशल मीडिया एप पर मिले टास्क पर मोमोज खा रहा था। पुलिस ने युवक पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।



### महाराष्ट्र विधानसभा में तेंदुआ बने विधायक

**मुंबई।** तस्वीर में तेंदुए में गेटअप में दिख रहे शख्स महाराष्ट्र के माननीय हैं और वे इस वेश-भूषा में बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर नजर आए। जुन्नार के विधायक शरद सोनावणे को देखकर कुछ देर के लिए कौतुहल मच गया। थोड़ी देर बाद जब विधायक ने बातें रखी तो समझ आई। उन्होंने तेंदुओं के बढ़ते हमलों के विरोध में ऐसा किया।



### बागपत में फैक्ट्री से 300 किलो माल नष्ट किया

**बागपत।** यूपी के बागपत शहर के बीचों-बीच चल रही नकली खाने के एक बड़े रैकेट का खाद्य विभाग ने भंडाफोड़ किया है। यहां एक गोदाम से सैकड़ों किलो घटिया और सेहत के लिए खतरनाक मेयोनीज और सॉस फास्ट-फूड की दुकानों में भेजी जा रही थी। विभाग ने 300 किलो से अधिक नकली मेयोनीज नष्ट कर दी।



## दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र और डीजीसीए की कड़ी आलोचना की

# 5000 का टिकट 39 हजार का कैसे हो गया यात्रियों को परेशानी की भरपाई करे इंडिगो

### इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की घटनाओं को गंभीर माना

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस के चल रहे संकट पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की कड़ी आलोचना की। हाई कोर्ट ने इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए केंद्र से सवाल किया है कि आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए? कोर्ट ने निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल होने से प्रभावित यात्रियों के लिए मदद और रिफंड की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हो रहा है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? कोर्ट ने पूछा कि दूसरी एयरलाइंस के दाम बढ़ाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है।

- दाम बढ़ाने को जायज नहीं ठहराया जा सकता
- उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनी को दिया निर्देश

### यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता



दिल्ली हाईकोर्ट

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि पायलटों के लिए संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों को लागू करने में देरी और निगरानी की कमी के कारण देशभर में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 40,000 से ज्यादा यात्री फंस गए। अदालत ने टिप्पणी की कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। पायलटों की थकान से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है। नियामक संस्थाओं को पहले से सक्रिय कदम उठाने चाहिए थे।

### टिकटों में बेतहाशा वृद्धि कैसे हो गई?

कोर्ट ने यह भी नाराजगी जताई कि उड़ानें रद्द होने के बाद अन्य एयरलाइंस ने किराया 40 हजार तक बढ़ा दिया। क्या यह अवसरवाद नहीं है? दूसरी एयरलाइंस को फायदा उठाने की इजाजत कैसे दी जा सकती है? जो टिकट 4-5 हजार में मिलते थे, उनके दाम इतने कैसे बढ़ गए?

### मुआवजे में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित सभी यात्रियों को डीजीसीए के मौजूदा दिशा-निर्देशों और भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत पूरा मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने मुआवजा सिर्फ कैंसलेशन के लिए नहीं, बल्कि यात्रियों को हुई परेशानी के लिए भी होना चाहिए। किराए में कोताही नहीं हो।

### पूरे प्रकरण की असल कहानी सामने आनी चाहिए: गोगोई

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्र की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल मंत्री के बयान दे देने से सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो सकती। इस पूरे प्रकरण की असल कहानी सामने आनी चाहिए और सदन में विस्तार से चर्चा होना बेहद जरूरी है। गौरव ने आरोप लगाया कि सरकार ने सदनों में दिए गए बयानों में पूरी जिम्मेदारी एक निजी कंपनी पर डाल दी है, जैसे उसकी खुद की कोई भूमिका ही न हो। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो नियामक संस्थाओं की कोई जिम्मेदारी ही नहीं बची।



### सरकार ने कोर्ट में कही ये बात

केंद्र और डीजीसीए की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह लागू है और इंडिगो को शो-कॉज नोटिस जारी किया जा चुका है।

**22 जनवरी को होगी अगली सुनवाई**

*दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, 'हमने इस आदेश में आपके (इंडिगो) बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा है, लेकिन जहां तक क्षतिपूर्ति की बात है, तो वह आपको तुरंत करना चाहिए। मुआवजा न सिर्फ रद्द उड़ानों के एवज में मिले, बल्कि यात्रियों को हुई पीड़ा की भी क्षतिपूर्ति हो।' कोर्ट ने निर्देश दिया कि 22 जनवरी, जो अगली सुनवाई की तारीख है तक अगर किसी कमेटी द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है, तो उसकी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में जमा की जाए। बेंच ने इस मामले को डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक सुना।*

## सदन में बराबर का मौका दिया

# राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन से विपक्ष खुश, डेरेक ने की तारीफ़

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

लंबे समय के बाद राज्यसभा में ऐसा अवसर आया जब चलते सदन में विपक्ष की ओर से सभापति द्वारा उच्च सदन के संचालन की तारीफ़ हुई हो। हुआ यूं कि शून्यकाल चल रहा था। एक के बाद एक पक्ष, विपक्ष के सांसदों को बराबरी से सभापति की ओर से मौका दिया जा रहा था। ये बात भी सही है कि सभापति की जिम्मेदारी संभालते हुए नव-नियुक्त सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आसंदी से विपक्ष को नजरअंदाज नहीं किया। जब भी मौक़ा मांगा गया उन्हें अपनी बात रखने का मौक़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेता कोई बात रख रहे हों उसके बीच में सत्ता पक्ष के नेता टोकाटोकी करें तो आसंदी से उन्हें ऐसा नहीं करने की सलाहियत भी दी। कहा जा सकता है राधाकृष्णन के आने के बाद राज्यसभा संचालन में विपक्ष राहत की सांस ले रहा है। यही वजह रही कि शून्यकाल के बीच में उठ कर तृणमूल संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने सभापति के सदन संचालन की जमकर तारीफ़ करते हुए अनुरोध किया कि शून्यकाल में अभी सिर्फ़ 15 सवाल पूछने की परिपाटी है। डेरेक ने कहा समय की उपलब्धता अगर है तो सभापति को शून्यकाल के दौरान पूछे जाने वाले 15 सवालों को बढ़ा कर कम से कम 18 कर देनी चाहिए ताकि ज़्यादा से ज़्यादा सांसदों को जनहित से जुड़े मामले सदन में शून्यकाल के दौरान उठाने का मौका मिल सके।

### स्वाति मालीवाल ने उठाया पंजाब में अवैध उत्खनन का मामला

आम आदमी पार्टी की कभी नेता रहीं स्वाति मालीवाल, पार्टी से निकाले जाने के बाद अपनी ही पार्टी के ख़िलाफ़ जब तब सदन में खूब आग उगलती रही हैं। उसी सिलसिले में बुधवार को उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार वाली पंजाब में नदियों से अवैध उत्खनन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकारी संरक्षण में पंजाब में नदियों से रेतों का उत्खनन हो रहा है वो बड़ी प्राकृतिक आपदा को दस्तक दे रहा है। उन्होंने कहा, पंजाब में पिछले दिनों अवैध उत्खनन की वजह से ही बाढ़ आई थी। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा था। उन्होंने कहा अवैध उत्खनन की जांच केंद्रीय एजेंसी को देनी चाहिए।

### मनोज झा ने स्किल्ड लेबर को समान मजदूरी का उठाया मुद्दा

राजद के सांसद मनोज झा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बिहार के स्किल्ड लेबर की मजदूरी तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश से बेहद कम है। बिहार से स्किल्ड मैनपावर के पलायन को रोकने के लिए देश भर में समान मजदूरी लागू करने का विधान होना चाहिए।

## बाराबंकी में 2 कारों में भिड़ंत

# गेट न खुलने से 5 जिंदा जल गए गुहार लगाते रहे पर मदद न मिली



सड़क पर धधकती कार और अंदर जल गए लोग

**अमन लेखनी समाचार/ बाराबंकी**

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में बुधवार को भीषण हादसा हो गया। दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई। कुछ लोग किसी तरह बाहर निकल गए। वे सड़क पर लेट गए। 5 लोग कार के गेट का लॉक नहीं खोल सके। इसके बाद वो अंदर की आग की चपेट में आ गए। बचाने के लिए चीखते रहे। लेकिन, कोई उनकी मदद नहीं कर सका। मंजर देखकर गांव वालों की रूह कांप गई। इस दौरान हाईवे पर भीषण जाम लग गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। 4 लोग जो सड़क पर गिरे, उनको अस्पताल लेकर गई। 2की हालत नाजुक है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि हमने देखा हाईवे पर कार में आग लगी है। जब वहां पास गए, तो हम डर गए। उसमें आदमी जल रहे थे। हम चाहकर भी मदद नहीं सके। आग की लपट इतनी तेज थी कि पास जाना तक मुश्किल था। हमने जो मंजर अपनी आंखों देखा, अभी तक मेरे जहन से हट नहीं रहा है। मदद के लिए लोग कार के अंदर छटपटा रहे थे। थोड़ी देर में पांचों लोग जिंदा जल गए।

## कर्नाटक में हेट स्पीच रोकथाम बिल को मिली मंजूरी

# 5,000 रु. जुर्माना,3 साल की कैद या दोनों सजाएं होंगी

### बुरे असर को प्रभावी ढंग से रोकने और नियंत्रित करने की कोशिश



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बेलगावी में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कर्नाटका हेट स्पीच और हेट क्राइम (रोकथाम और नियंत्रण) बिल, 2025 को पास कर दिया। यह बिल हेट स्पीच और हेट क्राइम, और व्यक्तियों, समूहों और समाजों पर उनके बुरे असर को प्रभावी ढंग से रोकने और कंट्रोल करने का प्रस्ताव करता है। इस बिल के पास होने के बाद अब कानून बन जाएगा जिसके तहत सजा के प्रावधान किए गए हैं।

- विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बिल को मंजूरी मिली
- नुकसान, नफरत फैलाना या उकसाना माना जाएगा दोष

### ये रखे गए सजा के प्रावधान

- *कोई भी व्यक्ति जो किसी व्यक्ति के धर्म, जाति, समुदाय, लिंग, यौन रुझान, जन्म स्थान, निवास, भाषा, विकलांगता या जनजाति के प्रति अपने पूर्वाग्रह या असहिष्णुता के कारण किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है या नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाता है या नफ़रत फैलाता है, वह हेट क्राइम का दोषी माना जाएगा।*
- *जो कोई भी हेट क्राइम करेगा, उसे तीन साल तक की कैद या 5,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। हेट क्राइम का अपराध गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती होगा और इसकी सुनवाई फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी।*
- *कोई भी व्यक्ति जो जान-बूझकर कुछ भी प्रकाशित करता है, प्रसारित करता है या समर्थन करता है या एक या ज़्यादा लोगों से इस तरह से बात करता है जिससे यह साफ़ तौर पर लगे कि उसका इरादा धर्म, जाति, भाषा, समुदाय और अन्य सहित इन आधारों में से किसी एक के आधार पर नुकसान पहुंचाना या नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाना या नफ़रत फैलाना है, वो सजा का हकदार होगा।*
- *इसमें वैसे व्यक्ति भी शामिल होंगे जो इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन पर ऐसी चीजें प्रोड्यूस करते हैं या उपलब्ध कराते हैं, जो कोई भी एक्सेस कर सकता है और साथ ही किसी खास व्यक्ति तक पहुंचाई जाती है या उसे निर्देशित की जाती है जिसे हेट स्पीच का शिकार माना जा सकता है।*

#### तेलंगाना में 1000 करोड़ का फंड होगा

### हैदराबाद को यूनिकॉर्न हब बनाने की तैयारी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 1000 करोड़ का फंड स्थापति कर रही है। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी बुधवार को गूगल फॉर स्टार्टअप्स हब की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे, जो तेलंगाना सरकार के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। रेड्डी ने दावा किया कि आने वाले वर्षों में कम से कम 100 हैदराबाद-आधारित स्टार्टअप्स को यूनिकॉर्न स्तर, यानी कम से कम 1,000 करोड़ रुपए मूल्यांकन, तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही सुझाव है कि आपको हैदराबाद, तेलंगाना से एक और गूगल बनना होगा या कम से कम एक अरब अमेरिकी डॉलर की कंपनी बनना होगा।





## वार्षिक एंटी-रैगिंग ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के निदेशों के अंतर्गत 9 दिसंबर 2025 को वार्षिक एंटी-रैगिंग ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चासंलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.राजीव गुलाटी,सदस्य डी.सी.आई थे।इस वर्कशाप में बाबू बनारसी दास



कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की प्राचार्या डॉ. नीता पसरिचा,सभी फैकल्टी,छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

एंटी-रैगिंग कमेटी की चेयरपर्सन डॉ. जिजी जॉर्ज ने स्वागत संबोधन दिया, तत्पश्चात प्राचार्या डॉ. नीता पसरिचा ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया।

एंटी-रैगिंग कमेटी की सदस्य डॉ. सुगंधा अग्रवाल ने वक्ता का परिचय श्रोताओं से कराया। डॉ. गुलाटी दंत चिकित्सा समुदाय में एक प्रसिद्ध नाम हैं, जिनके पास 40 से अधिक वर्षों का शैक्षणिक अनुभव है। अपनी व्याख्यान के माध्यम से डॉ. गुलाटी ने रैगिंग के विभिन्न पहलुओं, उसकी रोकथाम के उपायों और रैगिंग की रिपोर्टिंग के लिए उपलब्ध माध्यमों पर जोर दिया। उन्होंने रैगिंग के गंभीर परिणामों के बारे में बताया और कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. नीता पसरिचा ने मुख्य अतिथि डॉ राजीव गुलाटी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की प्राचार्या डॉ. नीता पसरिचा ने भी सभा को संबोधित करते हुए बताया कि बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज पुर्णतः रैगिंग फ्री कैंपस है। उन्होंने रैगिंग के दुष्परिणामों और अनचाही घटनाओं को रोकने के महत्व के बारे में संवेदनशील और जागरूक रहने पर बल दिया। यह कार्यक्रम सभी हितधारकों—छात्रों, अभिभावकों, संकाय सदस्यों, हॉस्टल वार्डेंस, सुरक्षा कर्मियों, पुलिस एवं एंटी-रैगिंग कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति से सफल रहा। छात्रों ने किसी भी रूप में रैगिंग का समर्थन न करने की शपथ ली। विश्वविद्यालय और डेंटल कॉलेज में एक सक्रिय एंटी-रैगिंग कमेटी है जिसमें फैकल्टी सदस्य और प्रशासनिक स्टाफ शामिल हैं। एंटी-रैगिंग स्क्वॉड भी हॉस्टल में अचानक जांच करने के लिए तैनात किए जाते हैं। परिसर को रैगिंग मुक्त रखने के लिए 24/7 हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय रैगिंग के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति का पालन करता है।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण में जुटेंगे लाखों लोग

### प्रधानमंत्री की मौजूदगी को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** बसंत कुंज योजना में निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य लोकार्पण के लिए तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को इस परियोजना का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है, जिसके चलते प्रशासन ने व्यापक स्तर पर सुरक्षा, यातायात और जनसुविधा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल ली है। बुधवार को एलडीए के पारिजात सभागार में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सेंगर की अध्यक्षता में बड़ी समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में लखनऊ सहित लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी के जिलाधिकारी, एलडीए वीसी, नगर आयुक्त और पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक, सुरक्षा, यातायात, जनसुविधा, संचार और परिवहन प्रबंधन की बिंदुवार समीक्षा की गई और स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की गई। सबसे पहले जिलाधिकारी लखनऊ ने तैयारियों का विस्तृत प्रेज़ेंटेशन किया। परिवहन एवं भीड़ प्रबंधन कार्यक्रम में अलग-अलग जिलों से आने वाले प्रतिभागियों की आवाजाही सुचारू रहे, इसके लिए यूपीएसआरटीसी और अन्य परिवहन संसाधनों की समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने सभी जिलों को निर्देश जारी किए कि बसों की संख्या, रूट प्लान, सुपरवाइजर और नोडल अधिकारियों की सूची 15 दिसंबर तक उपलब्ध कराई जाए। भारी भीड़ को देखते हुए बसों की जनपदवार कलर कोडिंग की जाएगी। पार्किंग स्थलों का चयन और रूट डायवर्जन की जिम्मेदारी जिलाधिकारियों और संबंधित पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था आईजी तरुण गाबा ने सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा करते हुए पुलिस एवं खुफिया विभाग को विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल, मार्ग, पार्किंग और भीड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होगी। एक मजबूत कंट्रोल रूम की स्थापना और त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने के लिए खास तैयारी की जा रही है। संचार व्यवस्था पुलिस आयुक्त ने कहा कि बस प्रभारियों, नोडल अधिकारियों और जिलेवार टीमों के बीच सतत संचार बनाए रखने के लिए समर्पित व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए जाएंगे। सभी जिलों को नोडल अधिकारियों का अद्यतन विवरण तय प्रारूप में तय समयसीमा के भीतर देने को कहा गया है। मंडलायुक्त ने मंच, बैठक व्यवस्था, प्रवेश-निर्गम द्वार, साइनेज, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा इकाई, अग्निशमन, प्रकाश व्यवस्था, सफाई सहित संपूर्ण जनसुविधाओं को मानक अनुसार समय से पूरा करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, एलडीए सहित सभी विभागों को अपने-अपने हिस्से का काम समयबद्ध पूरा करने को कहा गया। दैनिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य मंडलायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी व्यवस्थाओं की दैनिक प्रगति रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेजें, ताकि कार्यक्रम की तैयारी समय से पूरी हो सके। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मान का विषय है। सभी विभागों को आपसी समन्वय और उच्च प्रशासनिक मानकों के साथ कार्य करना होगा, ताकि कार्यक्रम में कोई कमी न रह जाए।

### यहां सुनायी देंगी अटल की कविताएं

म्यूजियम ब्लॉक में वीवीआईपी व जन सामान्य के लिए दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। कुल पांच गैलरी में महान विभूतियों की फोटो, स्टोन म्यूरल्स के साथ ही डिजिटन पैनल पर लाइव ऑडियो-वीडियो विजुअल्स प्रदर्शित होगा। एलईडी भी लगाई हैं। 12 इंटरप्रिटेशन वॉल विकसित गई हैं। प्रेरणा स्थल का म्यूजियम प्रत्येक वर्ग के लिए शिक्षाप्रद होगा। जहां अटल की कविताएं, लेख, भाषण प्ले-बैक में सुनायी देंगी।म्यूजियम क्यूरेशन बनाने के लिए टीम ने कोलकाता जाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में अहम जानकारी जुटाई थी। इसी तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य संकलित करने के लिए टीम ने जयपुर आदि शहरों में भ्रमण किया था। इस दौरान तीनों महान विभूतियों से जुड़े लोगों, लेखकों व इतिहासकारों से साक्षात्कार करके जानकारी जुटाई गई है।

### 21 करोड़ खर्च ,वाटर बॉडी में लगायी गयी प्रतिमा

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विशालकाय प्रतिमा 21 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई है। इन तीनों प्रतिमा को बॉन्ज मेटल से बनाया गया है। इस प्रतिमा को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले कलाकार राम सुतार ने बनाया है। तीनों प्रतिमा को वाटर बॉडी में फाउंटेन के बीच रखा गया है। रात के वक्त प्रतिमा के नीचे लगाई गई फसाड लाइट से रंग बिरंगी रोशनी ग्रीन कॉरिडोर से राहगीर भी देख सकेंगे। वहीं प्रतिमा के पास प्रोजेक्शन मैपिंग की मदद से प्रतिमा का रंग रात के वक्त बदलता नजर आएगा। मौजूदा वक्त में प्रतिमा गोल्डन रंग में है। प्रेरणा स्थल पर डेढ़ लाख लोगों की क्षमता का रैली स्थल तैयार किया जा रहा है। यहां दो विशाल मंच 600 और 1000 वर्ग मीटर के बनाए जा रहे हैं। दो बड़े लॉन तैयार किए गए हैं, जिन्हें शादी-ब्याह जैसे आयोजनों के लिए किराए पर दिया जाएगा। इनसे होने वाली आय से स्मारक का रखरखाव किया जाएगा।

**गैलरी में दिखाये जायेंगे लाइव विजुअल्स :** प्रेरणा स्थल का म्यूजियम ब्लॉक लगभग 6300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बना है। इसमें 2 प्रवेश गेट बनाए गए हैं। म्यूजियम में कुल 5 गैलरी हैं। जिनमें महान विभूतियों की फोटो, स्टोन म्यूरल्स के साथ ही डिजिटल पैनल पर लाइव ऑडियो-वीडियो विजुअल्स प्रदर्शित किये जाएंगे। 12 इंटरप्रेटेशन वॉल विकसित की जा रही है। म्यूजियम अटल जी की कविताएं, लेख, भाषण प्ले-बैक में सुनाई देंगे।

**तीन हेलीपैड और दो लॉन तैयार :** वीआईपी सुरक्षा के लिहाज से राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। दो बड़े लॉन तैयार किए गए हैं, जिन्हें निजी आयोजनों के लिए किराए पर दिया जाएगा। इनसे होने वाली आय से स्मारक का रखरखाव किया जाएगा। प्रेरणा स्थल में बनाए गए विशाल मंच पर जाने के लिए दिव्यांग या किसी बुजुर्ग को पहुंचने में समस्या नहीं होगी। इसके लिए एलडीए ने मंच के दोनों तरफ हाइड्रोलिक लिफ्ट लगाया है। इसकी मदद से सीधे मंच पर जाया जा सकता है।

## सांड ने शटरिंग मिस्त्री पर किया हमला, पेट में 15 टांके लगे

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित चिल्लावां में एक सांड़ ने शटरिंग मिस्त्री लक्ष्मण लोधी (45) पर हमला कर दिया। मंगलवार शाम हुई इस घटना में मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनके पेट में 15 टांके लगाए हैं।

लक्ष्मण लोधी मंगलवार शाम चिल्लावां बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में दो आवारा सांड़ आपस में लड़ रहे थे। जब लक्ष्मण ने उनसे बचकर निकलने की कोशिश की तो एक सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ की सींग लगने से उनके पेट में गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगाया और एंबुलेंस बुलाकर लक्ष्मण को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उनके पेट में 15 टांके लगाए गए हैं और फिलहाल उनका इलाज जारी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार चिल्लावां क्षेत्र में पिछले कई दिनों से आवारा सांड़ों का आतंक है। इस संबंध में नगर निगम में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कैटल कैचिंग दस्ता अब तक सांड़ों को पकड़ने नहीं पहुंचा है।

## भैसोरा गांव में विरोध के बीच 12 करोड़ की जमीन खाली कराई

**लखनऊ।** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने बुधवार को भैसोरा गांव में सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीमें, राजस्व अधिकारी तथा पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई हुई। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि भैसोरा गांव में एनिमल केयर सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए निर्धारित भूमि पर लंबे समय से भू-माफियाओं और प्रॉपर्टी डीलरों की ओर से अतिक्रमण किया गया था। नगर निगम की टीम ने गाटा संख्या 282 और 283 को पूरी तरह कब्जामुक्त कराते हुए बंजर भूमि को निगम के अधीन पुनः सुरक्षित किया। यह भूमि 0.422 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान भूमाफियाओं व उनके सहयोगियों की ओर से सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश भी की गई, किंतु मौके पर मौजूद नगर निगम प्रशासन की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

## सिन्धी समाज ने की इलेक्ट्रिक शवदाह गृह चालू कराने की मांग



**लखनऊ।** झूलेलाल वाटिका में भगवान झूलेलाल का भव्य स्वागत द्वार निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर बुधवार को सिन्धी समाज का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम मुख्यालय पहुंचा। महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात कर प्रतिनिधियों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, सुरेश छाबलानी, अशोक चांदवानी, श्याम कृष्णानी, मोहित जसवानी, पुनीत लालचंदानी, घनश्याम दास सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने महापौर को अवगत कराया कि नगर निगम कार्यकारिणी इस प्रस्ताव को पहले ही पारित कर चुकी है, लेकिन स्वागत द्वार निर्माण के लिए नगर निगम भूमि का चिन्हांकन अभी तक नहीं हो पाया है। महापौर ने अधिकारियों को जल्द भूमि चिन्हित कराने का आश्वासन दिया। इसी दौरान प्रतिनिधि मंडल ने नाका हिंडोला चौराहे का मुद्दा भी उठाया। यहां क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता के प्रयासों से स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहा के नवीनीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।

## बोलने के अधिकार पर कुछ प्रतिबंध भी है, हर व्यक्ति की गरिमा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग के ऑडोटोरियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति डॉ. डी के अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना, आयोग के वरिष्ठ सदस्य न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा एवं सदस्य बृज भूषण मौजूद रहे। कार्यक्रम में हमारी दैनिक आवश्यकताएं विषय पर विचार पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बोलने का अधिकार या कोई भी मौलिक अधिकार अपने आप में निरपेक्ष नही हैं इन पर कुछ युक्ति-युक्त प्रतिबन्ध लगाये गयें हैं। कानून की दृष्टि में प्रत्येक व्यक्ति समान है। इसके अतिरिक्त किन प्रस्थितियों में मानवाधिकार की सार्वजानिक घोषणा की गयी है, पर बल दिया गया हैं।

## सहिजनपुर मार्ग आवा-गमन के चलते हुआ जर्जर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र के हरौनी से डीआरडीओ मार्ग होते हुए सहिजनपुर रेलवे क्रॉसिंग से सहिजनपुर गांव तक की डामर सड़क अब पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पिछले लगभग दो वर्षों से वाहन चालकों को इसी टूटी-फूटी सड़क से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद न तो पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर दिखाई देता है।

कागजों में भले ही विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। सड़क की खस्ताहाली स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन चुकी है।

उधर रेलवे विभाग के अड़ियल रवैए के चलते हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहा फ्लाईओवर भी कछुए की चाल से आगे बढ़ रहा है। गर्डर खिसकाने का काम कई दिनों से ठप पड़ा है। न तो रेलवे ब्लॉक मिल रहा है और न ही विभागीय अधिकारी फ्लाईओवर से जुड़े आवश्यक सर्वे कार्य को गति दे रहे हैं।

रेलवे फाटक भी अक्सर अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद रहता है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि केवल पैदल यात्री ही किसी तरह रास्ता निकाल पाते हैं, जबकि वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि जनता की समस्याओं से संबंधित विभागों को कोई सरोकार ही नहीं है। स्थानीय लोगों की बढ़ती नाराजगी अब धीरे-धीरे उबाल पर है।

## पांच दिवसीय शिवराज दास बाबा हरदोइया धनुष यज्ञ मेला संपन्न

### अमरेन्द्र भारद्वाज ने दिया भाईचारे और एकता का संदेश, राम दरबार स्मृति चिन्ह से हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



नगराम। के हरदोइया बाजार में आयोजित पांच दिवसीय धनुष यज्ञ बाबा शिवराज दास मेला धार्मिक और अद्भुत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। 5 दिसंबर से शुरू हुए इस ऐतिहासिक मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने रामलीला मंचन का अवलोकन करते हुए हजारों की भीड़ को संबोधित किया।

समापन समारोह में अमरेन्द्र भारद्वाज ने रावण- राम संवाद का उदाहरण देते हुए समाज को एकजुटता, भाईचारे और पारस्परिक सहयोग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु शैय्या पर रावण ने श्रीराम से स्वीकार किया था ह्लहम इसलिए हार गए क्योंकि हमारा भाई हमारे साथ नहीं था, जबकि आपका भाई आपके साथ खड़ा था।ह्व उन्होंने जनता से अपील की कि भाई भाई का सहारा बने, प्रेम और तालमेल बनाए रखें, तभी समाज आगे बढ़ता है। मेला आयोजक विजय चौरसिया ने समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज का स्वागत माला पहनाकर और राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा, सांस्कृतिक उत्साह और पारंपरिक कला की भव्यता देखने को मिली। इस अवसर पर गंगा चरण भारद्वाज, हरिकृष्ण भारद्वाज (गौरव भारद्वाज), मयंक द्विवेदी, विनोद वर्मा, सर्वेश तिवारी, बृजेश रावत (लाला), रामलाल रावत (अध्यक्ष, स्माइल नगर सोसायटी), मोहम्मद कय्यूम, विशाल भारद्वाज, कल्लू वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद के लिए 32 से अधिक आवेदन, संख्या और बढ़ने की संभावना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद के लिए 32 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। सभी उम्मीदवारों ने 10 दिसंबर को अंतिम तिथि के दिन निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन शाम छह बजे तक उच्च शिक्षा विभाग में जमा कराए। विभाग का कहना है कि अंतिम तिथि वाले दिन आमतौर पर आवेदन बढ़ते हैं, इसलिए संख्या और बढ़ने की संभावना है। आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। इस पद के लिए 65 वर्ष तक की आयु वाले अभ्यर्थी ही पात्र थे। चयनित अध्यक्ष को 1,75,000 रुपये मासिक वेतन के साथ राज्य सरकार द्वारा देय सभी भत्ते मिलेंगे। आयोग की पहली अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय के इस्तीफे के बाद 26 सितंबर से 21 अक्टूबर तक पहले दौर के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण समय सीमा बढ़ाने की मांग



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात कर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए अभियान की समय सीमा बढ़ाकर 31दिसम्बर करने की मांग की। श्री दुबे ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि अभी तक सभी मतदाताओं के फॉर्म भरे नहीं जा सके हैं और बूथ लेवल अधिकारियों को व्यवहारिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ रहा है ऐसे में अभियान की समय सीमा बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में अभियान के दौरान मृत बूथ लेवल अधिकारियों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग करते हुए किसी भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटने ना पाए ऐसे निर्देश देने की भी मांग की।

## मलिहाबाद में पंचायत सचिवों का अनूठा प्रदर्शन, साइकिल भत्ते पर उठाई आवाज

अमन लेखनी समाचार



मिल रहे भत्ता का विरोध जताते सचिव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ के आह्वान पर बुधवार दोपहर मलिहाबाद विकासखंड एक अनोखे विरोध का गवाह बना। यहां सभी पंचायत सचिव साप्ताहिक बैठक में मोटरसाइकिल, स्कूटी या चारपहिया छोड़कर साइकिल से पहुंचे। उनका उद्देश्य था—सरकार द्वारा दिए जा रहे 200 रुपये के साइकिल भत्ते को अव्यावहारिक बताना और अपने रोष को प्रभावी तरीके से दर्ज कराना।

सचिवों का कहना है कि जब सरकार उन्हें साइकिल भत्ता दे रही है, तो वे अब फील्ड विज़िट, निरीक्षण, सर्वेक्षण और योजनाओं की निगरानी भी साइकिल से ही करेंगे, ताकि शासन को वास्तविक स्थिति का अंदाजा हो सके। सचिवों ने तर्क दिया कि वर्तमान समय में जब फील्ड कार्य कई किलोमीटर तक फैला होता है और मोटरसाइकिल का उपयोग अनिवार्य है, ऐसे में 200 रुपये का भत्ता न सिर्फ अपर्याप्त बल्कि व्यवहारिकता से भी दूर है। उनका यह प्रतीकात्मक विरोध स्थानीय प्रशासन के साथ ही ग्रामीणों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। प्रदर्शन में सचिव संदीप कश्यप, अनिल कुमार, अनुज यादव, संजय सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव शामिल हुए। सचिवों ने साफ कहा कि जब तक भत्ते में संशोधन नहीं होता, तब तक उनका विरोध इसी तरह जारी रहेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव घर में मिला

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत कुम्हार मंडी में एक 40 साल की महिला का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस चौकी प्रभारी तेलीबाग उप निरीक्षक दिनकर वर्मा ने बताया कि मृतका का नाम शायरा खान पिता का नाम नसीम खान 591इयां/9क कुम्हार मंडी, तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ, अपने निजी मकान के कमरे में मृत अवस्था में बेड पर पड़ी हुई है की सूचना मिली थी। आसपास के



लोगों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि, मृतक महिला सायरा खान ,अपनी बड़ी बहन रेशमा पति का नाम अब्दुल मजीद खान निवासिनी बंगला बाजार, थाना आशियाना जनपद लखनऊ के साथ रहती थी मृतका बीमार चल रही थी। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत सचिवों ने साइकिल चलाकर किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज ।पंचायत सचिवों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन की कड़ी में आज साइकिल से कार्यालय पहुंचकर पंचायत सचिवों ने अपना विरोध दर्ज कराया। तमाम पंचायत सचिव आज साइकिलों से गोसाईगंज विकासखंड कार्यालय पहुंचे और उसके बाद साइकिल से ही अपने गांव गए। कर्मचारी नेता ललित कुमार, प्रशांत सक्सैना, राम बहादुर शर्मा अभय सिंह, संतोष गिरी सहित कई सचिव इसमें शामिल रहे। संघ के महामंत्री प्रशांत सक्सेना ने बताया कि आज भी वाहन भत्ता के नाम पर साइकिल भत्ता ?200 प्रतिमाह दिया जा रहा है। डीजल पेट्रोल का कोई पैसा नहीं मिलता है। शांतिपूर्ण सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें ग्राम विकास विभाग व पंचायत विभाग के अधिकतर कर्मचारी शामिल रहे। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह व ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबाष पांडे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य मुद्दा ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम लागू करने के विरोध का है।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद को लेकर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के सरैया गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है, जो हजारीलाल के पुत्र थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि राकेश की हत्या जहर देकर की गई है और इस घटना में उनके ही परिजन शामिल हैं। परिजनों के अनुसार, राकेश का अपने भाइयों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के संबंध में कुछ दिन पहले राकेश को औरास थाने बुलाया गया था। परिवार का आरोप है कि थाने में पुलिस की मौजूदगी में उनसे जबरन सुलहनामे पर अंगूठा लगवाया गया, जिससे राकेश सहमत नहीं थे। घटना वाले दिन राकेश थाने से लौटते समय अटारिया के पास गाड़ी से उतर गए और पैदल ही घर पहुंचे। घर आते ही उन्होंने परिजनों को बताया कि उन्हें जहर खिला दिया गया है। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक राकेश अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। वे मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने राकेश के भाई सुनील, तिरपाली और उनके बेटों अंशु तथा दीपक पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सुलहनामे के लिए दबाव डालने और जहर देने के पीछे यही लोग जिम्मेदार हैं। परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। वहीं परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष होगी और तथ्य सामने आने पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

बांगरमऊ, उन्नाव। चेक बाउंस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गौतमबुद्धनगर की विशेष अदालत ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया है। अदालत ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि आरोपी रामजी गुप्ता को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाए। मामले की भनक लगते हैं पालिका अध्यक्ष भूमिगत हो गए हैं। गौरतलब है कि विकास और जनहित के कार्यों को छोड़ अन्य मामलों में चर्चित रहने वाले नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता के ऊपर नगर के मोहल्ला कटरा निवासी सुनील का कुछ रुपया बकाया था। जिसकी अदाएगी हेतु पालिका अध्यक्ष ने सुनील को चेक थमा दी थी। सुनील के अनुसार पालिका अध्यक्ष द्वारा दी गई चेक जब उसने बैंक खाते में लगाई तो वह बाउंस हो गई। जिसे लेकर उसने पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता के खिलाफ धोखाधडी. का मुकदमा दर्ज कराया था। मामला अदालत में पहुंचा और अदालत ने राम जी गुप्ता को हाजिर होने के निर्देश दिए। किंतु राम जी गुप्ता जमानत करवाने के बाद से आज तक अदालत में हाजिर ही नहीं हुए हैं। बार-बार नोटिस और समन जारी होने के बावजूद अनुपस्थित रहने पर विशेष अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए राम जी गुप्ता के खिलाफ गैर जमानत वारंट की कार्रवाई की है। साथ ही अदालत ने राम जी गुप्ता के जमानतगीर अमित गुप्ता और चंदन गुप्ता सहित चार लोगों को भी नोटिस भेजी है। अदालत के आदेश के बाद पुलिस अब उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि न्यायालय के निर्देशों का पालन प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस कार्यवाही के बाद नगर में इस घटनाक्रम की व्यापक चर्चा है और लोग मामले के आगे की कार्यवाही पर नजर बनाए हुए हैं।

## धरने पर बैठे यूनियन के कार्यकर्ताओं से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र से निकलने वाले गंगा एक्सप्रेसवे में बिहार मौरावां रोड पर स्लिप मार्ग बनाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा किये जा रहे धरने के 56 वे दिन जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विद्यायक आशुतोष शुक्ला के साथ उपजिलाधिकारी रनबीर सिंह धरना स्थल पर पहुँचे जहा उन्होंने टिकैत गुट की इस संबंध में मुख्यमंत्री से जल्द ही वात्तार्लाप कराने हेतु आश्वासन दिया। विगत हो टिकैत सैनिक 15 अक्टूबर से कड़ाके की सर्दी में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। टिकैत गुट का स्लिप रोड बनाने की मांग को लेकर कहना है बैसवारा साहित्य, कलमकार की जननी है । माँ चंडिका मंदिर, गंगा तट, तकिया मेला, आदि इस क्षेत्र की धरोहर है। लोगो को आवागमन की सुविधा हेतु गंगा एक्सप्रेस में स्लिप रोड न दिए जाने से इस क्षेत्र में ब्यापक प्रभाव पड़ेगा। स्लिप रोड बनाने की मांग को लेकर व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा मामले का संज्ञान लेने पर बुधवार को जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक आशुतोष शुक्ला, उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, आमितेश सिंह नंदू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी धरनास्थल पर पहुँचे जहा उन्होंने टिकैत गुट से वात्तार्लाप कर मुख्यमंत्री से जल्द ही समय लेकर भेंट कराने का आश्वासन दिया साथ ही टिकैत गुट जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया आज गुरुवार को कन्या भोज उपरान्त उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में धरना समाप्त किया जाएगा। इस मौके पर अटल बाजपेयी, बैजनाथ सिंह, राजेश सिंह, अजय बाजपेयी, नेपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार पत्नी की मौत पति घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पत्नी को दवा दिलाने डाक्टर के पास जाते समय दंपति की बाइक रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि बुरी तरह जख्मी पति को रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव बंजरिया (हरिनाम खेड़ा) निवासी 50 वर्षीय लालता प्रसाद पुत्र चिरंजीव अपनी 45 वर्षीय पत्नी को लेकर दवा दिलाने बांगरमऊ जा रहा था तभी बुधवार को सुबह करीब 11:20 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर गांव सुरसेनी के निकट उनकी बाइक असंतुलित होकर किसी वाहन से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो गई इस घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा घायल दंपति को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान पत्नी कुसुमा को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि बुरी तरह जख्मी पति लालता को रेफर कर दिया गया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया गया। मृतक किसान गांव में खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है पत्नी को इलाज हेतु बांगरमऊ लेकर जा रहा था तभी हादसे में पत्नी की जान चली गई। मृतक महिला के पांच बच्चों में एक बड़े पुत्र की शादी हुई है जबकि दो पुत्र रामबाबू रामकुमार व दो पुत्रियां अज्ञावती व अनीता चार अविवाहित है घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत भाषा अन्वेषण क्लब की गतिविधि का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में भाषा उत्सव की आज की गतिविधि भाषा अन्वेषण क्लब का आयोजन राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका डा.रचना सिंह के संयोजन में हुआ। छात्र- छात्राओं में भारतीय भाषाओं और साहित्य के प्रति गहन लगाव को प्रोत्साहित करने तथा सांस्कृतिक सहानुभूति एवं भाषायी विशिष्टता के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा थीम पर आधारित 7 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन 4 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक महान राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर किया जाएगा। विद्यालय की शिक्षिका तथा राज्य संदर्भदाता समूह की सदस्या डॉ रचना सिंह ने बताया कि इन साप्ताहिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक अतिरिक्त भारतीय भाषा को सीखने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस साप्ताहिक गतिविधि के सातवें दिन विद्यालय में भाषा अन्वेषण क्लब के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न भाषाओं में पानी को क्या कहते हैं, की जानकारी हासिल की। बच्चों ने हिंदी, संस्कृत, उर्दू, मराठी, तमिल , तेलुगू, मलयालम, गुजराती तथा बांग्ला , मराठी भाषा में पानी को क्या कहते हैं जाना तथा लिखा। डॉ रचना सिंह ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता बढ़ेगी तथा दूसरी भाषाओं के प्रति प्रेम और जिज्ञासा बढ़ेगी जिससे वे अन्य भाषाओं को सीखने का प्रयास करेंगे, उनका शब्दकोश बढ़ेगा। नवीन ज्ञान से उनकी रुचि शिक्षण में बनी रहती है तथा नित कुछ नया सीखने के लिए बच्चे अपनी कक्षा से अनुपस्थित भी नहीं होते हैं। विद्यालय में बच्चों द्वारा भाषा वॉल का निर्माण किया जा रहा है जिस पर बच्चों ने हिंदी, संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं में लिखी स्वयं की कविताओं, कहानियों को, अब तक की प्राप्त अपनी जानकारी को संगृहीत किया है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत एक की मौत दूसरा घायल

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम मोहान-अजगैन मार्ग पर पुछडा तिराहा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान टिकवा मऊ, थाना हसनगंज निवासी हर्षित द्विवेदी पुत्र शिवशंकर द्विवेदी के रूप में हुई है। हर्षित किसी काम से हसनगंज आए थे और अपने घर लौट रहे थे, तभी अजगैन की ओर से आ रही मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। लोगों ने टक्कर लगने का मेन कारण ट्रक को ओवरटेक करने को लेकर हादसा हो गया जिससे आपस में भिड़ंत हो गई जहां घायल को हसनगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में मौके पर ही दम तोड़ने वाले दूसरे मोटरसाइकिल सवार की पहचान धौरा निवासी 20 वर्षीय सुखवीर पुत्र महादेव के रूप में हुई है। मृतक सुखवीर अपने परिवार में तीन भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर थे। उनके बड़े भाई राम रतन और छोटे भाई अजीत हैं। उनके माता-पिता का नाम महादेव और शिवदेवी है। हसनगंज कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मोहान-पुछड़ा तिराहा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हुई, जिसमें सुखवीर की मौके पर मौत हो गई और हर्षित द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

## सड़क किनारे से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नगर पालिका प्रशासन ने शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को पुलिस ऑफिस तिराहे से कचहरी पुल तक सुंदरीकरण अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सड़क किनारे से अवैध अतिक्रमण हटाए गए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) एस.के. गौतम के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अभियान की शुरूआत कचहरी गेट के सामने से हुई, जहां कई वर्षों से सड़क पर अवैध रूप से दुकानें और अस्थायी ढांचे लगे हुए थे। टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से इन अतिक्रमणों को हटाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी के कारण पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस कार्रवाई के चलते मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिससे राहगीरों को असुविधा हुई। ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और स्थिति सामान्य की। अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क मार्ग को चौड़ा करना, शहर में यातायात को सुचारु बनाना और क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाना है। नगर पालिका ने जानकारी दी कि सुंदरीकरण के तहत सड़क किनारे पेंटिंग, डिवाइडर की मरम्मत, सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अम्बेडकर पार्क के पास भी सुंदरीकरण अभियान चलाया जाएगा। इसमें पार्क की दीवारों की पेंटिंग, फुटपाथों की मरम्मत और आसपास के क्षेत्रों से कचरा तथा अतिक्रमण हटाने का कार्य शामिल है। नगर पालिका का मानना है कि शहर के प्रमुख स्थानों को एक नई पहचान देने के लिए यह कदम आवश्यक है। ईओ एस.के. गौतम ने बताया कि शहर को सुंदर और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से सहयोग की अपील की, ताकि शहर का स्वरूप बेहतर हो सके और यातायात व्यवस्था में सुधार आ सके। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब इन क्षेत्रों में सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## चोरी की बाइक समेत तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अचलगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक समेत हिरासत में लिया है जिसकी निशानदेही पर विभिन्न जनपदों से चुराई गई पांच बाईकों समेत इसमें शामिल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । अचलगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोक कर जांच तो उसकी बाइक चोरी की निकली पूछताछ में उसने पांच बाइक चोरी करना स्वीकार किया। जिसके आधार पर पुलिस ने पुरवा कोतवाली के बेवल निवासी अनुज यादव व नीरज यादव तथा बिहार थाना क्षेत्र के खिझौली निवासी सत्यम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे में 2 स्पलेंडर एक अपाचे व एक पल्सर बरामद की है । पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है । एस ओ बृजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि उक्त लोग गैर जनपदों से चोरी कर बाईकों को यहां लाकर बेचते आ रहे थे ।




## सवाल पूछना छात्र को पड़ा भारी शिक्षिका की पिटाई से छात्र हुआ बेहोश

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत न्योतनी स्थित आजाद नगर बाल प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। क्लास के दौरान एक साधारण सवाल पूछने पर शिक्षिका ने कक्षा-2 के छात्र को इतना पीट दिया कि वह कक्षा में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। मामला सामने आते ही स्कूल में हड़कंप मच गया। बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित बच्चा राज कक्षा-2 में पढ़ता है। उसकी बड़ी बहन प्रिया भी इसी स्कूल में कक्षा-4 में पढ़ती है। परिजनों के मुताबिक, राज पढ़ाई के दौरान एक अध्याय समझ नहीं पा रहा था। उसने शिक्षिका तपस्वी से सवाल पूछ लिया। बस इसी पर शिक्षिका भड़क गईं और बच्चे को डंडे व हाथ से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि पिटाई इतनी तीव्र थी कि राज कुछ देर बाद क्लास में ही अचेत होकर गिर पड़ा। बच्चे के हाथ, पीठ और पैरों पर चोटों के निशान स्पष्ट दिख रहे हैं। राज के पिता प्रेम कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- शिक्षिका तपस्वी को इन दिनों रकफ सर्वे की ड्यूटी दी गई है, साथ ही वो इछड का काम भी देख रही हैं। यही अतिरिक्त दबाव और गुस्सा उन्होंने मेरे बच्चे पर उतार दिया। सवाल पूछना क्या गलती है एक शिक्षक का काम समझाना है, मारना नहीं। उन्होंने कहा कि घटना के बाद बच्चा डर के कारण ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था और बार-बार रो रहा था। घटना में जिस शिक्षिका का नाम सामने आया है, वह तपस्वी, पिछले 7 वर्षों से इसी स्कूल में तैनात हैं। ग्रामीणों और अन्य अभिभावकों ने बताया कि शिक्षिका का व्यवहार पहले भी बच्चों को लेकर कठोर रहा है, लेकिन ऐसी घटना पहली बार सामने आई है। अभिभावकों ने कहा- स्कूल में हमारे बच्चे सीखने जाते हैं, डरने नहीं। अगर शिक्षक ही हिंसा करेंगे तो बच्चे स्कूल आने से कैसे नहीं डरेंगे? घटना के बाद कई अभिभावक स्कूल में जमा हुए और शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग की। स्कूल के हेडमास्टर देशराज रावत ने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें बच्चों और अभिभावकों से मिली है। लिखित शिकायत के बाद वह मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी (इरअ) शैलेश कुमार पांडे ने कहा- मामला अभी संज्ञान में नहीं है। बीईओ से रिपोर्ट मांग ली गई है। जांच के बाद दोषी शिक्षिका पर अग्रिम कानूनी/विधिक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल में भर्ती राज की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है, लेकिन मानसिक रूप से वह डरा सहमा है। पिता ने कहा कि बच्चा स्कूल जाने से डर रहा है और बार-बार कह रहा है- मां, स्कूल मत भेजना... मैडम फिर मारेंगी। परिजनों ने शिक्षा विभाग से कड़ी कार्रवाई, शिक्षिका के निलंबन और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उधर, घटना को लेकर गांव और अभिभावकों में आक्रोश है।

## रेलवे स्टेशन पर लापरवाही का वायरल मामला सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**अमन लेखनी समाचार**




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में स्थित बीघापुर रेलवे-स्टेशन पर हाल ही में एक बेहद चिंताजनक घटना सामने आई। स्थानीय निवासी पूनम पंडित नाम की महिला ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर और चलते हुए वीडियो बनाया। और वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोगों में गुस्सा और हैरानी दोनों देखने को मिले। रेलवे ट्रैक पर इस तरह वीडियो बनाना न सिर्फ कानूनन गलत है, बल्कि जानलेवा भी है। थोड़ी सी चूक से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इस तरह की हरकत से रेलवे संचालन बाधित होता है और यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। सवाल यह है कि स्टेशन पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्था ऐसी जोखिम भरी गतिविधि को कैसे नजरअंदाज कर गई? यह घटना पुलिस और रेलवे प्रशासन की सतर्कता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की ज़िम्मेदारी है कि वे ऐसे खतरनाक कृत्यों पर तुरंत कार्रवाई करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इस तरह ट्रैक पर जाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डाले। सोशल मीडिया के दौर में वायरल होने की होड़ में लोग अक्सर सुरक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन ऐसी हरकतें न केवल व्यक्तिगत जोखिम पैदा करती हैं, बल्कि सामूहिक सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। जरूरत है कि रेलवे और पुलिस विभाग इस मामले को सख्ती से लें, निगरानी बढ़ाएँ और लोगों को जागरूक करें, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाह घटनाएँ दोबारा ना हों।

## खून से लतपथ घर के अंदर मिला महिला का शव हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक महिला का खून से लथपथ शव उसके घर के अंदर मिला। घटना मन्ना खेड़ा मजरा बेहटा नथई सिंह निवासी नगीना 55 वर्ष पत्नी राम खेलावन की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। महिला के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए कई निशान मिले हैं, जिससे हत्या की क्रूरता का पता चलता है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतका का पति रायबरेली में नौकरी करते हैं, जिसके कारण महिला घर पर अकेली रहती थी। इलाके में यह भी चर्चा है कि वारदात से पहले महिला के साथ दुष्कर्म किया गया होगा, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। महिला का शव घर के कमरे में खून से सना हुआ मिला, जिससे आशंका है कि हत्या देर रात या तड़के किसी समय की गई होगी। पुलिस जबरन प्रवेश के किसी भी निशान की तलाश कर रही है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं, जिनमें खून के नमूने, अंगुलियों के निशान और संघर्ष के दौरान टूटे सामान शामिल हैं। इस घटना के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मृतका शांत स्वभाव की थीं और उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। इस निर्मम हत्या ने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि घटना में किसी परिचित का हाथ है या किसी बाहरी व्यक्ति ने इसे अंजाम दिया है। अचलगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कई संभावित पहलुओं पर काम किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ आज से शुरू होगा तकिया मेला

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर कस्बा पाटन में लगने वाले तकिया मेला लगभग पाँच शताब्दी से हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय देता आया है। ये तकिया मेला पौष के पहले गुरुवार से लगता है। मेला परिसर में बाबा सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव व ख्याति प्राप्त सूफी संत मोहब्बतशाह बाबा की मजार तथा उनके शिष्य न्यामत शाह की मजार भी स्थित है जो हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। पाटन स्थित तकिया मजार के काजी मोहम्मद इलियास के मुताबिक, उनका जन्म हेरात ईराक में हुआ था। लेकिन उनका अंतिम समय बीघापुर तहसील स्थित तकिया में ही बीता। तकिया के गद्दीधरों की परंपरा के वर्तमान अली हुसैनशाह 18 वें गद्दीधर हैं। कालांतर में सहस्त्रलिंगेश्वर मंदिर के सामने कुटी बनाकर रहने लगे और उनका अंतकाल भी यहीं हुआ। नवाब आसफाउददौला ने भी मोहब्बतशाह बाबा से भेंट की थी जिसका उल्लेख अवध गजेटियर में भी है। मोहब्बतशाह बाबा के बारे में क्षेत्र ही नहीं दूर-दूर तक उनके चमत्कारों की कहानियां प्रचलित हैं। बाबा सहस्त्रलिंगेश्वर की प्रतिदिन आराधना करते थे। आज भी मजार के गद्दीधर उस परंपरा का निर्वाह करते चले आ रहे हैं।

### भगवान राम को हुआ था शिवलिंग का दर्शन

ऐसी मान्यता है कि वनगमन के समय भगवान राम इसी मार्ग से होकर श्रंगबेरपुर गए थे। मंदिर पुजारी राजकिशोर बताते है रात्रि प्रवास के दौरान राम को स्वप्न में शिवलिंग का दर्शन हुआ था। प्रदेश में तकिया मेला लगभग तीन सौ वर्षों से अपनी ख्याति बनाए हुए है लेकिन इधर कुछ वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। कुछ साल पहले तक तकिया मेला ऊटो के लिए भी प्रशिद्द था। पाटन में नेशनल हाईवे का बाईपास बन जाने के कारण मेला परिसर की जगह भी कम हो गयी है। हर वर्ष मजार पर चढ़ावा व मंदिर में पूजन अर्चन हेतु जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जन प्रतिनिधि आते है। मेले में कई दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चला करते है। जिसमे लोककला, कविसम्मेलन, मुशायरा, सहित अन्य कार्यक्रम होते है।

11 दिसम्बर से दिनांक 29 दिसम्बर 2025 तक तकिया मेला कैम्प में सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर अपनी देख रेख में सम्पन्न करायेंगे। 11 दिसम्बर दोपहर 12:00 बजे से

मुख्य अतिथि विद्यायक आशुतोष शुक्ला एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी तथा पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के साथ मेलाधिकारी मेला का उद्घाटन तथा मजार पर चादर चढ़ाने एवं श्री सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन एवं आरती करेंगे। 12 दिसंबर शुक्रवार को आल्हा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा

15 दिसम्बर सोमवार को कठपुतली नृत्य,

17 दिसम्बर बुधवार को चेतना चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा भोजपुरी लोक गायक,

18 दिसम्बर बृहस्पतिवार को कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 19 दिसम्बर शुक्रवार को लोक गायन, बिरहा, 22 दिसम्बर सोमवार को कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 23 दिसंबर मगलवार को

जादू/प्रभू दर्शन आर्टग्रुप लखनऊ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 24 दिसम्बर बुधवार को

अवधी लोक गायन/आल्हा (साहित्यक), 26 दिसम्बर शुक्रवार को भोजपुरी लोक गायन व 29 दिसंबर सोमवार को कवि सम्मेलन एवं मुशायरा उपरांत आशुतोष शुक्ला विधान सभा सदस्य उ०प्र० द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तदुपरान्त प्रीतिभोज व कार्यक्रम समापन की घोषणा की जाएगी।

## श्रीमद् भागवत कथा भगवान की वाणी इसमें पापियों को मोक्ष देने की क्षमता



**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। श्री अयोध्या धाम से पधारे पंडित हितेश महाराज श्रीमद भागवत कथा सुना रहे हैं महिमा की मार्मिक चर्चा करते हुए वह कहतें हैं तराजू के एक पलड़े में सारे ग्रंथ रखें जाएं और दूसरे में श्रीमद भागवत को सच मानिए पलड़ा भगवत का ही भारी रहेगा, कारण गिनाते हुए कहते हैं श्रीमद भागवत भगवान की वाणी है इसके श्रवण मात्र से धुंधकारी जैसे पापी मुक्त हो जातें हैं। कथा प्रवक्ता श्री महाराज जी ने भक्ति मैया का दिव्य प्रसंग सुनाया ज्ञान और वैराग्य की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा मानव को सभी दुखों से मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा व्यास जी ने भक्तों को प्रेरित किया कि भगवान के चरणों से नेह लगाइए फिर देखिए भगवान धुंधकारी जैसे प्रेत को मुक्ति देते हैं धुंधकारी को श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से सद्गति प्राप्त हुई। व्यास जी ने भक्तों को भगवान नारायण की भक्ति के प्रति प्रेरित करते हुए कहा जीवन में संगति का शुद्ध एवं सात्विक होना अत्यंत आवश्यक ही नहीं महत्वपूर्ण भी है विद्वानों का मत है आप जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही होगा मन जैसी संगति वैसी होगी रंगती होगीश्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से पापियों को मोक्ष मिलता है।

## एसपी ने थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई इंस्पेक्टरों और अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। यह फेरबदल बांगरमऊ के पूर्व कोतवाल अनुराग सिंह पर लगे गंभीर आरोपों और उनके निलंबन के बाद किया गया है। पूर्व कोतवाल अनुराग सिंह पर एक व्यक्ति की पिटाई कराने का आरोप लगा था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। इस घटना ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी थी। इन बदलावों के तहत, आसीवन थाने के इंस्पेक्टर अखिलेश चंद्र पांडे को अब बांगरमऊ कोतवाली की कमान सौंपी गई है। अखिलेश पांडे को एक सख्त और सक्रिय अधिकारी माना जाता है। बांगरमऊ में हाल के दिनों में बढ़ते घटनाक्रमों और विवादित प्रकरणों को देखते हुए उनकी यह तैनाती महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गैर जनपद से उन्नाव भेजे गए दरोगा प्रदीप सिंह को कार्यवाहक थाना अध्यक्ष आसीवन की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदीप सिंह को इससे पहले कई संवेदनशील क्षेत्रों में काम करने का अनुभव है।

आसीवन क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और जनसुनवाई को मजबूत करने के उद्देश्य से उनकी तैनाती को रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आसीवन थाने में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामप्रकाश को अतिरिक्त इंस्पेक्टर थाना पुरवा बनाया गया है। पुरवा एक बड़ा और व्यस्त क्षेत्र है, जहाँ अनुभवी अधिकारियों की आवश्यकता होती है। एसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या मानवाधिकारों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फेरबदल एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पुलिसिंग को और बेहतर बनाना तथा जिम्मेदार अधिकारियों को सही जिम्मेदारी सौंपना है।

## सम्पादकीय

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8 .2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5 .6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8 .2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है।

महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक



अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।



बोधि दिवस

श्वेता गोयल

# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।

## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कैसे रुकेगी रुपए की गिरती कीमत

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। - *रमेश वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### चीनी विमान ने जापानी लड़ाकू विमान पर रडार किया लॉक

चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया।



## ऑफ बीट

### आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है



## ट्रेंड

### हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रदूषण नियंत्रण



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### गोवा आग हादसा



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विनम्र व्यवहार करें



फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।

- सोनू सूद, अभिनेता

## संक्षेप

### एसआईआर में नाम दुरुस्ती का ऑप्शन तत्काल सही कराए नाम

**कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ के पास मौजूद है लिस्ट**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी गांव के बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि एस आई आर फॉर्म भरने में किसी तरह की त्रुटि हो जाने की वजह से नाम दुरुस्ती का ऑप्शन खुला है। कैसरगंज विधानसभा के सभी बीएलओ के पास लिस्ट मौजूद है सभी गांव के लोग अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित करके नाम में किसी तरह की त्रुटि हो गई है उसे तत्काल प्रभाव से सही करवा लें ताकि भविष्य में कोई दिक्कत ना हो। उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि जिन लोगों का नाम किसी कारणवश एस आई आर फॉर्म भरने में गलती हो गई है उसे अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित कर सही करा ले ताकि भविष्य में कोई परेशानी ना हो।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज ने बालिकाओं को किया जागरूक

**महिलाओं के सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज में भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में विद्यालय में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मिशन शक्ति केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा के अंतर्गत सुरक्षित वाहन चलाने के लिए हेलमेट का प्रयोग एवं उसका महत्व के संबंध में सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीयधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव कॉलेज के प्राचार्य शिक्षक गण छात्राएं प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी म.उप नि. रागनी वर्मा एवं जनता के तमाम लोग उपस्थित हुए।

### बीएससी छात्र हत्याकांड के आरोपी का एनकाउंटर

**पैर में गोली लगी, लापरवाही पर चांदा एसओ समेत 5 पुलिसकर्मी निलंबित**

सुलतानपुर, बीएससी छात्र अमन यादव हत्याकांड में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने फरार बदमाश दीपक यादव उर्फ राका को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। इसी मामले में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में चांदा थाने के एसओ सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। चांदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अमन यादव हत्याकांड के फरार अपराधियों की घेराबंदी की। अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस मुठभेड़ में बदमाश दीपक यादव उर्फ राका के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हत्याकांड में अब तक कुल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सीएम का प्रतिनिधि बनकर जनता दरबार लगता था राहुल यादव

## थाना मोतीपुर के मटिहा मोड गायघाट में बना रखा था कार्यालय

### काम कराने के लिए थाना तहसील व अन्य अधिकारियों पर झाड़ता था रौब

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

मोतीपुर, बहराइच। एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रतिनिधि राहुल महाराज बनकर क्षेत्र में अपना दबदबा बना रखा था और काम कराने के एवज में अधिकारियों पर रौब झाड़कर धमकाता था। उसने इसके लिए किराए का मकान लेकर उसी में कार्यालय बनाया और मुख्यमंत्री के साथ गुलदस्ता देते हुए फोटो की होर्डिंग बैनर भी लगा रखी थी जिससे लोगों को शक ना हो कि वह फर्जी प्रतिनिधि है और इसकी भनक क्षेत्रीय पुलिस और प्रशासन को भी नहीं लगी और लगभग तीन महीने से वह क्षेत्र में सक्रिय होकर जनता दरबार लगाकर काम करता रहा ।वही दो दिन पूर्व रिसिया पुलिस ने फर्जी सीएम के प्रतिनिधि और उसके दो सहयोगियों को पड़कर जेल भेज दिया इसकी सूचना प्रसारित हुई तब लोगों को लगा कि वह फर्जी मुख्यमंत्री का प्रतिनिधि बनकर जनता दरबार लगाता था। रिसिया पुलिस द्वारा पकड़े गए डिहवा निवासी राहुल यादव उर्फ नन्हे पुत्र समय दीन यादव व उसके निजी सचिव मुख्तार अहमद पुत्र इसरारुल हक निवासी देवीपुरा थाना रिसिया व नफीस खां पुत्र हफीज खां निवासी हरबंस पुर जब्दी थाना हरदत्त नगर जनपद श्रावस्ती शामिल हैं। जिनके ऊपर पुलिस ने विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है ।तहसील मिहींपुरवा थाना मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट के नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर स्थित मटिहा मोड पर दो कमरे किराए पर लेकर राहुल यादव उर्फ नन्हे व सहयोगी मुख्तार अहमद, नफीस खां कार्यालय बनाकर खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर मंदिर का प्रतिनिधि राहुल महाराज बताकर जनता दरबार लगाता था। सुबह और शाम वहां पर काफी भीड़ भी इकट्ठा होती थी लेकिन लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी कि यह फर्जी प्रतिनिधि है ।क्षेत्र के लोगों की समस्या के समाधान के लिए अपनी इनोवा गाड़ी से थाना और तहसील भी जाता था जहां पर अधिकारियों को रौब में लेकर धमकाता भी था और काम भी कराता था अधिकारी बेबस होकर खौफ से काम भी कर देते थे ।यह सिलसिला पिछले तीन महीने से चल रहा था लेकिन तहसील प्रशासन पुलिस प्रशासन एलआईयू आईबी सहित खुफिया एजेंसियों को




इसकी भनक तक भी नहीं लगी इससे पता चलता है कि खुफिया एजेंसी या क्षेत्रीय प्रशासन कितना सक्रिय है। 8 दिसंबर को इन तीनों की गिरफ्तारी रिसिया पुलिस के द्वारा की गई और इसकी सूचना जब क्षेत्र में फैली तो लोग आश्चर्यचकित हो गए ।पहले लोगों को लगा था कि हो सकता है मुख्यमंत्री का कोई प्रतिनिधि ही हो जो जनता के कल्याण के लिए आया हो लेकिन जब रिसिया पुलिस की कार्यवाही हुई तो लोगों को पूरा विश्वास हुआ की है यह कोई प्रतिनिधि नहीं बल्कि कोई फराडिया था। जहां पर कार्यालय बनाकर वह जनता दरबार लगाता था उसके आसपास बाजार है वहां पर रहने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि राहुल खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रतिनिधि राहुल महाराज बताता था और हमेशा हाव-भाव में रहता था उसके साथ दो लोग उसके निजी सचिव के रूप में रहते थे जो जनता की समस्या सुनकर सीएम के प्रतिनिधि राहुल महाराज के पास ले जाकर समाधान करवाने के लिए कहते थे ।फर्जी तरीके से बना सीएम का प्रतिनिधि संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन कर धमकता भी था लेकिन किसी अधिकारी ने इस प्रकरण पर कोई भी जुबान नहीं खोली। जब इसकी पड़ताल के लिए संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर जानकारी चाही तो पता चला कि दो दिन पूर्व ही उसका क्षेत्रीय कोई व्यक्ति था जो उसका सहयोगी था कमरे से सारा सामान लेकर यहां से जा चुका है। कार्यालय में रखे काउंटर पर मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देते हुए फर्जी सीएम प्रतिनिधि की फोटो अभी भी चिपकी हुई बाकी सारा सामान कमरे से नदारत है।

इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना रिसिया पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें राहुल महाराज उर्फ राहुल यादव उर्फ नन्हे जो खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर मंदिर का प्रतिनिधि बताकर अधिकारियों को धमकाकर काम कराता था काम ना करने पर उन्हें परिणाम भुगतने की धमकी भी देता था उसके साथ ही उसके दो सहयोगी मुख्तार अहमद व नफीस खां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# 10 लाख रुपए की स्मैक सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 आशुतोष चन्द थाना रूपईडीहा मय पुलिस बल व ररइ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 09.12.2025 को समय 9:00 बजे इण्डो नेपाल बार्ड पिलर संख्या 651/11 के पास से एक नफर अभियुक्त राजवन पुत्र रिक्खी राम निवासी सुभानपुरवा थाना रामगाँव जनपद बहराइच उम्र करीब 26 वर्ष को बरामद 50 ग्राम स्मैक नाजायज मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया फर्द बरामदगी व




गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय रुपईडीहा जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त राजवन पुत्र रिक्खी राम निवासी सुभानपुरवा थाना रामगाँव जनपद बहराइच उम्र करीब 26 वर्ष को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में महाराणा प्रताप कक्षा का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपई डीहा, बहराइच ।भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा सरस्वती विद्या मंदिर में महाराणा प्रताप कक्ष का उद्घाटन लोकप्रिय यशस्वी बाबागंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह के कर कामलों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर जेपी सिंह द्वारा नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया आपको बताते चलें ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह को पांच परिवर्तन विद्या भारती संस्कृत शिक्षा संस्थान लेखक गोपाल महेश्वरी की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया जेपी सिंह ब्लाक प्रमुख ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा भाषा शब्दों का मेला नहीं हृदय का दर्पण है वेश व्यक्तित्व का परिचय समरसता का मंत्र महान सिद्ध करें भारत संतान हम देश हैं हमारा देश हैं शिक्षा एक अनमोल रतन इस पर बच्चों ने जोरदार तालियां बजाकर स्वागत किया इसी क्रम में शिवपुर मोहरनियां जनता के दिलों में राज करने वाले भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता प्रधान राजकुमार गुप्ता, उर्फ पिंटू गुप्ता, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ जिला बहराइच उपाध्यक्ष पत्रकार शेर सिंह कसौधन, विवेक शुक्ला, वरिष्ठ आचार्य अनिल शर्मा कक्षाचार्य अंकुर मिश्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के बच्चे एवं भैया बहनें,प्रधानाचार्य अनुज कुमार सिंह, आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे अंत में प्रधानाचार्य अनुज सिंह ने आए हुए अतिथियों को पंच परिवर्तन की पुस्तक भेंट कर कहा परिवार समाज की पौधशाला है और उद्घाटनमें उद्घाटन में आए हुए सभी सम्मानित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

# नेपालगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: करीब 137 ग्राम स्मैक के साथ दो भारतीय सहित छ तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की जिला बांके पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार को लगभग 100 ग्राम स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला प्रहरी कार्यालय बांके, नेपाल के प्रहरी निरीक्षक एवं सूचना अधिकारी रमेश बिष्ट ने इसकी पुष्टि की है। सूचना अधिकारी बिष्ट के अनुसार नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड नंबर 14 के बालेगांव स्थित ₹मेरो प्लैनेट वॉटर पार्क₹ में नशे का अवैध कारोबार संचालित होने की सूचना पुलिस को मिली थी। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त इनपुट के आधार पर नेपालगंज पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान उपमहानगरपालिका नेपालगंज वार्ड-14 के निवासी सुदीप कुमार भांट (24 वर्ष) पवन कुमार शर्मा (26 वर्ष) तथा डुडवा गांव पालिका वार्ड-6



निवासी राजू शाह (27 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। जांच में इन तीनों के पास से 64 ग्राम 160 मिलीग्राम स्मैक जैसी संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह नशीला पदार्थ उन्होंने नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड-14 उधोपूर्वा निवासी सूरत खटीक (49 वर्ष) से खरीदा था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सूरत खटीक के घर पर छापा मारा। उनके घर से 33 ग्राम 870 मिलीग्राम स्मैक, तथा उनके झाल (बाड़े) के पास से 1 ग्राम 600 मिलीग्राम स्मैक और बरामद हुई। कुल मिलाकर नेपाल पुलिस ने लगभग 99 ग्राम 630 मिलीग्राम स्मैक पकड़ी है। सभी आरोपियों को नेपाल के प्रचलित कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई हेतु जिला प्रहरी कार्यालय बांके भेज दिया गया है। इसी के साथ मंगलवार को लगातार कार्यवाही करते हुए सीमा के करीब जमुनहा स्थित मछली मंडी के पास से चेक जांच करते हुए दो भारतीय स्मैक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान नानपारा के रहने वाले 22 वर्षीय तरुवा अहमद तथा बहराइच के रहने वाले 25 वर्षीय तौहीद खान के रूप में हुई है इन लोगों के पास से 37 ग्राम 480 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुआ है इन लोगों को भी गिरफ्तार कर पुलिस ने जिला प्रहरी कार्यालय बांके भेज दिया है ।नेपाल पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने स्मैक रूपईडीहा से लाने की बात स्वीकारी है ।इससे प्रतीत होता है कि नेपाल पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कड़ी निगरानी और अभियान जारी रखे हुए है।

# पाँचवें दिन राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

### सार्वजनिक भव्य आयोजन में संगीत-मय कथा का हुआ प्रवाह

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना अंतर्गत कुंडासर चौकी क्षेत्र के नकौड़ी शाहपुर स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर आयोजित नवदिवसीय श्रीराम कथा के पाँचवें दिन भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य और दिव्य उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य मार्कण्डे जी महाराज ने श्रीराम जन्म के पावन प्रसंग का विस्तृत और भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। कथा के दौरान संगीत-मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। ढोल-मृदंग, झांझ-मंजीरे और सुरमयी धुनों के बीच कथा में वर्णित अयोध्या नगरी के उत्सव, देवताओं के आगमन और दिव्य लोक के उल्लास को दर्शकों ने भावविभोर होकर अनुभव किया। पूरे क्षेत्र से भारी संख्या में लोग कथा स्थल पर पहुँचे। कार्यक्रम पूरी तरह



सार्वजनिक है, जहाँ प्रतिदिन श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं तथा आयोजन समिति द्वारा उनके लिए उचित व्यवस्था भी की जा रही है। इसी क्रम में पाँचवें दिन कुंडासर चौकी प्रभारी गुलाब सिंह अपने टीम प्रमोद सिंह और राहुल सिंह के साथ कथा स्थल पहुँचे। उन्होंने आचार्य श्री मार्कण्डे जी महाराज का माल्यार्पण कर आदरपूर्वक स्वागत किया। आचार्य श्री ने भी उन्हें अंगवस्त्र एवं आशीर्वचन प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कथा स्थल का वातावरण पूरे दिन भक्तिमय बना रहा। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में राम जन्मोत्सव का यह सजीव एवं संगीत-मय आयोजन नकौड़ी शाहपुर क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का हुआ भव्य शुभारम्भ

## सीडीओ ने जागरूकता अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र ने नगर मजिस्ट्रेट राजेष प्रसाद व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय द्वारा वाहन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जनपद के सभी विकास खंडों, प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च तथा अन्य धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। रथों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह रोकथाम, इससे होने वाले दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत पोस्टर का भी शुभारंभ किया गया। जागरूकता रथ का उद्देश्य है कि बाल विवाह को खत्म करना, बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता फैलाना, जनपद में बाल विवाह की रिपोर्टिंग बढ़ाना, बाल अधिकार के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं रूरल आर्गनाईजेषन फार सोषल एडवांसमेण्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह व्यापक जागरूकता अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विकास जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष, सुनील, अर्जुन प्रसाद, दीक्षित, मालिक एहतराम, सुश्री प्रतिमा सिंह, विजय पाठक, हृदय राम, सुश्री फिरदौस फातिमा, सुश्री पुष्पा सिंह, नीतिक भीमसेन सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 144 कन्याओं का विवाह

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधू को दिया आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तहसील के निकट स्थित जूनियर हाईस्कूल के मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 144 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 19 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 125 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्डों व नगरीय निकायों के अंतर्गत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज के प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख पयागपुर के प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी, पूर्व सांसद श्री गोंड, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित अन्य वक्ताओं ने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सामूहिक विवाह जैसी योजना की पहल के लिए प्रदेश सरकार विशेषकर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। वक्तागण ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था के साथ ही विवाह के लिए प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है तथा प्रदेश की एक लाख गरीब कन्याओं का विवाह कराने के लिए जनपदो के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, तहसीलदार अम्बिका चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर अजय सिंह, विशेश्वरगंज के दीपेंद्र पाण्डेय, थानाध्यक्ष पयागपुर संजय सिंह, विशेश्वरगंज के राजकुमार पाण्डेय, संभ्रान्तजन व गणमान्यजन, बड़ी संख्या में वर वधू के अभिभावक, रिश्तेदार व ईष्टमित्र मौजूद रहे।

# बस व ट्रेलर की टक्कर, ड्राइवर गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के साईपुरवा (कलवारी) के पास नेशनल हाइवे पर बुधवार तड़के सुबह घने कोहरे की वजह से एक सड़क हादसा हुआ। रुपईडीहा से लखनऊ जा रही रोडवेज बस और नानपारा से रुपईडीहा जा रहा ट्रेलर के बीच टक्कर हो गई। यह दुर्घटना कोहरे की वजह से बताया जा रहा है। जिसमे ट्रेलर चालक रवि कुमार पुत्र कर्मा घायल हो गए ।टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया ।गनीमत रही कि बस के ड्राइवर की सूझ बूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और जनहानि होने से बचा लिया। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने घायलों की मदद की। सूचना मिलने पर डायल 112 और बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक संजीव यादव मय दलबल




के साथ मौके पर पहुंच कर यातायात सुचारु रूप से संचालित कराते हुए घायल कों एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में इलाज हेतु भर्ती कराया। इस सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज श्री शुक्ला नें बताया है कि घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा और क्षतिग्रस्त बस वह ट्रेलर को सड़क से हटवा कर यातायात सामान्य कराया।

# गुरु तेग बहादुर सिंह 350 से मनाया माल्या अर्पण कर मनाया गया बलिदानी दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के350 वे शहीदी वर्ष के स्मृतिमें शहीदी दिवस एवं स्य7:00 बजे से 9:00 बजे भोजन प्रसाद का कार्यक्रम स्थान केशव निलयम आरएसएस कार्यालय केशव पुरम उन्नाव में सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारीयों ने जाकर भाग लिया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह व स्वास्थ्य समिति महामंत्री प्रताप सिंह न्यू किया पैथोलॉजी शैलेंद्र सिंह अनुज पांडे प्रियांशु पांडे पुनीत मिश्रा सनी मिश्रा व आरएसएस के मुख्य पदाधिकारी जिला स्तर के नागेंद्र संदीप



भगवान मधुमेह की नगर प्रचारक नयन जी व जिले की कार्यकारिणी उपस्थिति रही सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला जिलाअध्यक्ष प्रेम सिंह सभी को सम्मानित किया वही सती शुक्ला ने पशु पालन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर गौ सेवा के लिए भी एक ज्ञापन सोपा और उन्हें भारत माता प्रतीक चिन्ह वअंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया

# पुलिस की तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मारी

## अमेठी में हादसा, एक युवक की मौत, दो दोस्त गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, महिला थाने की सरकारी गाड़ी ने एक बाइक को टक्कर मार दी। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। यह हादसा गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बैंक ऑफ बड़ौदा के पास हुआ। बताया जा रहा है कि महिला थाने की सरकारी गाड़ी तेज रफ्तार में थी और उसने सामने से आ रही बाइक हीरो स्पलेंडर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक की पहचान अखिलेश कुमार वर्मा (20) पुत्र दीनदयाल वर्मा निवासी उदवत सराय महेश थाना जायस के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान पप्पू (20) पुत्र जमील निवासी पूरे तहैवर थाना जायस और शत्रोहन (20) पुत्र राज निवासी सराय महेशा थाना जायस के रूप में हुई है।

दोनों घायलों को इलाज के लिए रायबरेली एम्स रेफर किया गया है। तीनों पल्लेदारी का काम करते थे और पल्लेदारी के लिए जायस से गौरीगंज आ रहे थे।

## संक्षेप

### मिशन शक्ति टीम ने मुकंदपुर विद्यालय में चलाया अभियान

#### बागपत में बच्चों और महिलाओं को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

बागपत, थाना छपरौली की मिशन शक्ति टीम ने कंपोजिट विद्यालय, मुकंदपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षित व्यवहार तथा सरकारी सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान एसआई रविंद्री श्योरान ने उपस्थित बालिकाओं, बालकों और शिक्षकों को साइबर अपराधों से जुड़ी चालों और उनसे बचाव के उपाय बताए। टीम ने बढ़ते ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और फर्जी लिंक/कॉल से बचने के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। बच्चों को समझाया गया कि वे किसी भी संदिग्ध वेबसाइट, लिंक या अनजान व्यक्ति की ऑनलाइन चैट पर भरोसा न करें और समस्या आने पर तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस को सूचित करें।सुरक्षा जागरूकता के तहत टीम ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1076, 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 व 108 (एम्बुलेंस), 112 (पुलिस आपातकाल) और 1930 (साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग) शामिल हैं। टीम ने इन नंबरों के उपयोग की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों से किसी भी खतरे या परेशानी में बिना झिझक मदद मांगने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति टीम ने सभी बच्चों और महिलाओं से अपील की कि वे हमेशा सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की समस्या को छुपाएं नहीं और तुरंत परिवार, शिक्षक या पुलिस को जानकारी दें। टीम ने कहा कि जागरूकता ही अपराधों की रोकथाम का सबसे बड़ा हथियार है।

### 16वें फ्लोर से गिरकर महिला की मौत

#### सुसाइड या एक्सीडेंट जांच कर रही पुलिस, सिर में चोट ब्लीडिंग बनी वजह

नोएडा, सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला 16वें फ्लोर से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिवार की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है। महिला प्रियंका तिवारी पति के साथ नोएडा के सेक्टर-74 केपटाउन सोसाइटी में रहती थी। पति कृष्ण कुमार पेशे से इंजीनियर है। रविवार रात को महिला कमरे से बालकनी में गई वहां अचानक नीचे गिर गई। मौके पर गार्ड ने परिजन और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद महिला को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हो गई। इस वजह से उसकी मौत हो गई।

# यूपी के 3000 वकीलों पर क्रिमिनल केस

## सरकार ने हाईकोर्ट को हलफनामा देकर बताया, कोर्ट ने जिलेवार सूची मांगी

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा प्रदेश के कितने वकीलों पर कितने क्रिमिनल केस चल रहे हैं। सवाल के जवाब में राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया। राज्य सरकार ने बताया- प्रदेश में लगभग 3 हजार वकीलों पर क्रिमिनल केस चल रहे हैं। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने 15 दिसंबर को अगली सुनवाई पर जिलेवार सूची प्रस्तुत करने को कहा है। अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम परितोष कुमार मालवीय ने कोर्ट को जानकारी दी। बताया- अब तक की जांच में लगभग तीन हजार वकीलों पर चल रहे मुकदमों की जानकारी हुई है। यह संख्या अंतिम नहीं है। अभी और जानकारी जुटाई जा रही है।इसमें अभी समय लगेगा। ओर से दाखिल हलफनामे में वकीलों क्रिमिनल हिस्ट्री प्रस्तुत किया गया जबकि डीजी अभियोजन के हलफनामे में मुकदमों



के ट्रायल की जानकारी दी गई। कोर्ट ने 15 दिसंबर को सारी जानकारी देने का निर्देश दिया है। साथ ही याची को इस मामले में यूपी बार कौंसिल को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। एडवोकेट मोहम्मद कफील की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को पता चला कि याची स्वयं गैंगस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल है।यहीं नहीं भाई कुख्यात अपराधी हैं ।कोर्ट ने वकीलों के क्रिमिनल बैकग्राउंड के न्याय प्रशासन पर प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा था कि अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी विशिष्ट संस्थागत स्थिति रखते हैं। वे कोर्ट के अधिकारी भी हैं और पेशेवर नैतिकता के संरक्षक भी। जब गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति कानूनी प्रणाली में प्रभाव वाले पदों पर होते हैं तो यह वैध चिंता का विषय है। ऐसे में ये पेशेवर वैधता की आड़ में पुलिस अधिकारियों और न्यायिक प्रक्रियाओं पर अनुचित प्रभाव डाल सकते हैं। कोर्ट ने सभी कमिश्नर/एसएसपी/एसपी और संयुक्त निदेशक अभियोजन को यूपी बार कौंसिल में रजिस्टर्ड वकीलों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का व्यापक विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने वकीलों पर हुए ऋकफ की डिटेल मांगी कोर्ट के आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज ऋकफ पंजीकरण की तिथि और अपराध संख्या, धाराएं और संबंधित थाना, विवेचना की वर्तमान स्थिति, चार्जशीट दाखिल करने और आरोप तय करने की तिथि, अब तक परीक्षित गवाहों का विवरण और ट्रायल की स्थिति का विवरण पेश करना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस से संबंधित विवरण डीजीपी और अभियोजन पक्ष की जानकारी डीजीपी अभियोजन की ओर से प्रस्तुत की जाएगी।

# माफिया के बेटों के रिसेप्शन में असलहाधारियों की वीडियो

## 100 से अधिक लोग हथियार के साथ पहुंचे; रामलोचन पर 24 से ज्यादा एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , करवरिया परिवार की शादी के बाद अब शहर में एक और शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। चर्चा भव्य इंतजामों से ज्यादा असलहों के साथ पहुंचे मेहमानों की वजह से है। रामलोचन यादव के बेटों सूरज और रजत के रिसेप्शन में असलहाधारी युवकों की मौजूदगी के वीडियो सामने आए हैं। बताया गया है कि कई युवक असलहा लेकर फोटो खिंचवा रहे थे, वीडियो बना रहे थे और उसे रील्स के रूप में पोस्ट भी किया है। इनमें से कई कथित रूप से किसी के निजी सुरक्षाकर्मी बताए जा रहे हैं, जबकि कुछ कम उम्र के युवक हथियार के साथ तस्वीरें खिंचाने और भौकाल बनाते देखे गए रामलोचन यादव का मूल आवास एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के फुलवा गांव में है। 6 दिसंबर को



रिसेप्शन हुआ था। कार्यक्रम में सपा से जुड़े कई नेता भी पहुंचे। इसके अलावा बालसन चौराहे के पास स्थित एक नामी अस्पताल का डायरेक्टर भी इस समारोह में मौजूद था।

### हिस्ट्रीशीटर, भूमाफिया लिस्ट में नाम, गैंगस्टर भी

रामलोचन यादव प्रतापपुर विधायक विजमा यादव का सगा भाई है। वह धूमनगंज के कन्हईपुर का रहने वाला बताया जाता है। उस पर 24 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं और 2017 में बनी माफिया सूची में उसका नाम शामिल किया गया था। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी हो चुकी है।

### कोठी पर चला था बुल्डोजर

2020 में चले माफिया अभियान के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने उसकी कन्हईपुर स्थित करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया था। सूत्रों के मानें तो मौजूदा समय में कई जगह उसकी प्लाटिंग भी चल रही है ।गैंगस्टर में कर्क हुई थी संपत्ति, मौजूदा प्रमुख सचिव ने खारिज की थी अपीलरामलोचन के खिलाफ 2008 में थाना कैंट में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# कलेक्ट्रेट पर किसानों का प्रदर्शन

## बकाया गन्ना भुगतान, घाटतौली बंद करने की मांग, मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बागपत, भारतीय किसान संघ के कार्यकताओं ने बागपत कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने बकाया गन्ना भुगतान और अन्य विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि बागपत की मलकपुर मिल और हापुड़ की सिंभावली मिल सहित प्रदेश की कई मिलों ने पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान अभी तक नहीं




किया है। इससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। किसानों ने गन्ना तौल केंद्रों पर 'घटतौली' (कम तौल) का आरोप लगाया और मांग की कि इसमें शामिल लिपिकों को तत्काल बर्खास्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा गन्ने का रेट बढ़ाने के बाद अब किसानों पर किराया बढ़ा दिया गया है, जिसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। किसानों ने अधिकारियों पर शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान न करने का आरोप लगाया। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे आगे की रणनीति पर विचार करेंगे और आंदोलन तेज करेंगे।

# प्राधिकरण निर्माण कंपनी पर लगाएगा 10 करोड़ का जुर्माना

## एलिवेटेड में मानकों के अनुसार नहीं लग रहा स्टील, 900 करोड़ का प्रोजेक्ट

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, बन रहे चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण में कुछ महीने पहले निर्माण एजेंसी ने घटिया गुणवत्ता की स्टील का इस्तेमाल किया। नोएडा प्राधिकरण ने स्टील नहीं बदलने पर अब एजेंसी पर 10 करोड़ रुपए जुमार्ना लगाने का निर्णय लिया है। परियोजना का अब तक 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि की जुमार्ना लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। प्राधिकरण ने बतौर 10 करोड़ रुपए लगाई जाने वाली धनराशि परियोजना के भुगतान में रोक ली है। इसके अलावा अब निर्माण में लगने वाली स्टील तय कंपनियों की ही लगाई जाएंगी। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि मानकों



के अनुरूप चिह्नित कंपनियों के अलावा किसी दूसरी कंपनी की स्टील एलिवेटेड रोड के निर्माण में नहीं लगाने दी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्यों में तीन स्टील की कंपनियों का चयन कर रखा है। इन कंपनियों में सेल, जिंदल समेत एक अन्य कंपनी है। पूर्व में सेतु निगम ने इन कंपनियों से अलग एक छोटी और कम प्रचारित कंपनी की स्टील को एलिवेटेड रोड के लिए बनाए जा रहे पिलर में इस्तेमाल कर लिया। इसको लेकर प्राधिकरण का पक्ष है कि यह स्टील स्वीकृत मानकों से निम्न है। इसे निरीक्षण के दौरान पकड़ा गया था। इसके बाद सात बार पत्र भेजकर जवाब मांगा गया। आखिर में 10 करोड़ रुपए बतौर जुमार्ना कटौती का निर्णय लिया गया है।

# गैस गीजर से दम घुटने से युवक की मौत

❍ बागपत के खेकड़ा में हादसा, परिवार में कोहराम

अमन लेखनी समाचार

बागपत, खेकड़ा थाना क्षेत्र के सुनहेड़ा गांव में गैस गीजर से निकली जहरीली गैस के कारण एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से परिवार और गांव में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार, सुनहेड़ा निवासी अंकित (पुत्र सुरेश) अपने घर पर नहाने आया था। ग्राम प्रधान राजकुमार ने बताया कि घटना के समय अंकित के परिवार के सभी सदस्य बाहर अपने खरख में थे अंकीत भी अपने परिवार वालों के था हो था लेकिन बाद में नहाने घर पहुंचा और बाथरूम में चला गया। परिवार वालों के अनुसार बाथरूम में गैस गीजर पहले से चालू था। दरवाजा बंद होने के कारण बाथरूम में गैस बन गई थी, अंकित के बाथरूम में प्रवेश कर दरवाजा बंद करते ही गीजर से निकली गैस पूरे बाथरूम में भर गई। जब परिवार के सदस्य घर लौटे और काफी देर तक आवाज देने पर भी अंकित ने




कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो उन्होंने बाथरूम का दरवाजा तोड़ा। अंदर अंकित को मृत अवस्था में देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन उसे तुरंत बाहर लाए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# किसानों का डीएम कार्यालय पर धरना

❍ 5 दिन में कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म

अमन लेखनी समाचार

बागपत, भारतीय किसान संघ के कार्यकताओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने जनपद के सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर लगातार घटतौली की शिकायतें मिलने का आरोप लगाया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने इन अनियमितताओं को तत्काल बंद करने की मांग की। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि क्रय केंद्रों से चीनी मिलों तक गन्ना भेजने में लगने वाला किराया उनसे मनमाने ढंग से वसूला जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की कि यह किराया किसान पर थोपने की बजाय सरकारी व्यवस्था से नियंत्रित किया जाए और किसानों का शोषण बंद हो। इसके साथ ही, किसानों ने क्रय केंद्रों पर लगे प्लेटफार्म की



लंबाई बढ़ाने की मांग रखी। उनका कहना था कि छोटी प्लेटों के कारण गन्ना उतारते समय अक्सर हादसे होते हैं, जिससे किसानों की जान-माल को खतरा रहता है। प्लेटों की लंबाई बढ़ने से ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी। धरने में चीनी मिलों का लंबित भुगतान भी एक प्रमुख मुद्दा रहा। किसानों ने बताया कि लंबे समय से बकाया भुगतान अटका हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक तंगी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से सभी चीनी मिलों को तत्काल भुगतान करने के निर्देश जारी करने और नियमों का पालन न करने वाली मिलों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

किसान जिला अधिकारी से सीधी वार्ता की उम्मीद में थे, लेकिन उनसे मुलाकात न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। बाद में, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर उनका ज्ञापन स्वीकार किया।

एसडीएम ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं पर 5 दिन के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

# किराए पर कार लेकर ठगने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने 8 लग्जरी गाड़ियां बरामद कीं, जांच जारी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मसूरी थाना पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी लोगों को भरोसे में लेकर उनकी गाड़ियां किराए पर लेने के बहाने हड़प लेता था। पुलिस ने उसके पास से 8 महंगी गाड़ियां बरामद की हैं। यह मामला सामने आया, जब नदीम नामक व्यक्ति ने मसूरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। नदीम ने पुलिस को बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी उवैदुल्ला नामक युवक ने उससे संपर्क किया था और खुद को कार किराए के व्यवसाय से जुड़ा बताया था। नदीम के अनुसार, मार्च 2025 में उसकी बातचीत आरोपी से डछ के माध्यम से हुई थी। शुरूआत में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई, जिसके बाद धीरे-धीरे उनमें विश्वास




कायम हो गया। जुलाई 2025 में आरोपी ने पहली बार नदीम से एक होंडा सिटी कार किराए पर ली। उसने प्रति माह 30 हजार रुपये किराया देने का वादा किया।

पहले महीने उसने समय पर भुगतान किया, जिससे नदीम का भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद आरोपी ने विभिन्न बहानों से नदीम से कुल 11 गाड़ियां किराए पर ले लीं। शुरूआती कुछ महीनों तक उसने कुछ गाड़ियों का किराया दिया, लेकिन बाद में धीरे-धीरे भुगतान बंद कर दिया। जब नदीम ने गाड़ियों के बारे में जानकारी मांगी, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। इससे नदीम को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। जांच में पता चला कि आरोपी ने इन 11 गाड़ियों में से 2 को गिरवी रख दिया था। कुछ गाड़ियां बाद में लौटा दी गईं, लेकिन 5 गाड़ियां आरोपी ने मेरठ के शास्त्री नगर सेक्टर-12 में अपने परिचितों के पास पहुंचा दी थीं। 8 दिसंबर 2025 को पुलिस ने दबिश देकर आरोपी उवैदुल्ला को मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 8 कारें बरामद की हैं, जिनमें थार, वर्ना, अर्टिगा, स्विफ्ट और फ्रॉन्क्स जैसी महंगी गाड़ियां शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# पाठशाला रोड पर ट्रैक्टर-बाइक टक्कर

## गंभीर घायल युवक की हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार

बागपत, खेकड़ा क्षेत्र में पाठशाला रोड पर एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, खेकड़ा निवासी महताब अपने ट्रैक्टर से सामान्य गति से सड़क पर जा रहा था। उसी दौरान खेकड़ा निवासी अनीश अपनी बाइक पर सामने से आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि किसी कारणवश अनीश की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर सीधे ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे रुक गए। टक्कर के कारण बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके पुर्जे सड़क पर बिखर गए। हादसे में बाइक सवार अनीश को हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल अनीश को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में उसका उपचार जारी है। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना का कारण बाइक सवार का संतुलन खोना लग रहा है बाकी मामले की जांच की जाएगी



# चंद्रलोक कॉलोनी में हुई श्रीमद् भागवत कथा

## भगवान को सर्वाधिक महत्व देते हैं वो हैं भगवान के प्रिय

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, चंद्रलोक कॉलोनी के पार्क में चल रहे श्रीमद. भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम के तीसरे दिन व्यास जी श्री जनार्दन तिवारी जी ने ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। कहा कि जो लोग अपने जीवन में भगवान को सर्वाधिक महत्व देते हैं वो भगवान के परम प्रिय होते हैं, जो लोग अच्छे अच्छे व्रतों अर्थात नियम का पालन करते हें वो भगवान को परम प्रिय होते हैं। ध्रुव का चरित्र दृढ़ संकल्प, अटूट भक्ति और आत्म-समर्पण के महत्व को दशार्ता है, जहां बचपन में सौतेली मां द्वारा अपमानित ध्रुव, अपनी मां सुनीति की प्रेरणा से तपस्या कर भगवान विष्णु को प्राप्त करते हैं और ध्रुवतारे के रूप में अमर हो जाते हैं। वहीं प्रियव्रत और प्रहलाद का चरित्र बताता है कि जो भगवानका संरक्षण प्राप्त करता है



अग्नि में भी सामर्थ्य नहीं है कि वह उसे जला सके। यह सारस्वरूप है कि सृष्टि का संचालक प्रभु हैं इसलिए माया का भोग करते हुए मायापति के चरण में अपने जीवन को समर्पित करो। कल्याण निश्चित हो जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए सचिन कुमार गुप्ता ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान जयभगवान मित्तल और सह यजमान प्रदीप गुप्ता-अशोक गुप्ता तम्बाकू वाले रहे।

कथा में प्रमुख रूप से सेंसरपाल, पप्पू कंसल, शिवम शर्मा, देव, ओंकार दत्त शर्मा, प्रीति गर्ग, विभा तिवारी, मीना शर्मा आदि श्रोता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मतदाता सूची संशोधन में अव्यवस्था, सपा एमएलए रफीक अंसारी नाराज

❍ एसएसपी ऑफिस पहुंचे, प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, शहर से सपा के विधायक रफीक अंसारी ने मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया में गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पर नाराजगी व्यक्त की है। वे एसएसपी कार्यालय पहुंचे और आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संशोधन अभियान में बीएलओ स्तर पर भारी लापरवाही हो रही है, जिसका खामियाजा मतदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन करना होता है, लेकिन अधिकांश बीएलओ अन्य विभागों से नियुक्त कर्मचारी हैं जिन्हें अपने क्षेत्र की जानकारी नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि कई बीएलओ ऐसे इलाकों में तैनात हैं जहां उन्हें मोहल्लों और घरों की पहचान तक नहीं है। विधायक के अनुसार, शहर की आबादी लगातार बदल रही है, लोग एक जगह से दूसरी जगह जा रहे हैं। ऐसे में बीएलओ को यह भी मालूम नहीं होता कि जिस व्यक्ति का फॉर्म भरना है, उसका घर कौन सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि



फोन नंबर होने के बावजूद बीएलओ कॉल नहीं उठाते और लोग बार-बार संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। विधायक ने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से कट गए हैं, उन्हें फरवरी में मौका मिलेगा। हालांकि, बड़ी समस्या उन लोगों की है जिन्होंने अभी फॉर्म जमा किए हैं, क्योंकि उनका न तो सत्यापन हो रहा है और न ही फॉर्म एकत्र किए जा रहे हैं। रफीक अंसारी ने चेतावनी दी कि मौजूदा अव्यवस्था के कारण प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1 से 1.5 लाख वोट कटने की आशंका है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जब इतने वोट गायब होंगे, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि इसका नुकसान किसे हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यहां कोई विदेशी या बाहर का व्यक्ति नहीं है, सभी हिंदुस्तानी हैं।

## नम आँखों के साथ कृष्णपाल राजू पंच तत्व में विलीन..

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। अज्ञात वाहन की टक्कर से प्राइवेट लैब टेक्नीशियन मौत हो गईं थी, दूसरे दिन नम आँखों के साथ मेहंदीघाट पर अंतिम संस्कार स्वजनों द्वारा किया गया। सोमवार की शाम को सलेमपुर निवासी कृष्णपाल सिंह ₹राजू₹ 30 वर्ष एक पेथोलाजी से वापस घर बाइक से लौट रहा था। तभी कटरा -बिल्हौर हाइवे पर गौरी चौराहा पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया था जहां डॉक्टर जितेंद्र पटेल ने मृत घोषित कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को हरदोई से शव गांव लाया गया जहां से नम आँखों के साथ मेहंदीघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक बड़ा ही मिलनसार था उसकी मृत्यु पर सपा नेता ब्रजेश वर्मा, समाजसेवी विशाल जायसवाल समेत तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## जबरन बाउंड्री वाल गिराने पर चार पर रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। ग्राम राजेपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है ।कि मेरी कुछ जमीन अजय ईंट भट्ठा के पास है। उसी जमीन पर बाउंड्री वॉल का निर्माण करवाया था। जिसे जबरन गुंडई की बदौलत गांव के कुलदीप सिंह, सुनील, मोहित, कमलेश ने 7 दिसंबर की रात में किसी समय गिरा दिया है ।कहने पर गाली गलौज करके जानमाल की धमकी दी ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## सपा नेता ने की सड़क किनारे झाड़ियों को साफ कराने की मांग

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां - कटरा - बिल्हौर हाइवे पर सड़क के किनारे झाड़ियों के चलते अक्सर हादसे हो रहे है। सपा नेता बृजेश वर्मा ने जिलाधिकारी अनुनय झाडियों को साफ कराने की मांग की है ताकि आकरण होने वाले हादसों पर लगाम लग सके।

## अधिकारियों की उदासीनता से दम तोड़ रही नमामि गंगे परियोजना

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी नमामि गंगे परियोजना दम तोड़ती नजर आ रही है करीब छह साल पहले शुरू हुयी परियोजना से क्षेत्र के कई गांवों के टोले छुटे हुए है जहाँ आजतक न तो पाइप लाइन बिछाई गयी है ओर न ही परियोजना शुरू करने के लिए कोई ठोस कदम ही उठाया गया है आज भी ग्रामीण पानी के दर बदर भटकते नजर आ रहे है ।रविवार को म्योरपुर ब्लाक के अंजानी ग्राम पंचायत के झरकटी टोला के रहवासियों ने भाजपा नेता अमरेश तिवारी को सूचना देकर बताया कि हमारे टोले में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत पाइप लाइन नही बिछाई गई है जिसके कारण रहवासी केंद्र सरकार की परियोजना का लाभ लेने से वंचित रह जाएंगे ।गांव में पहुंचे भाजपा नेता ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन जल्द निवारण का आश्वासन दिया ।अमरेश तिवारी ने बताया कि अंजानी के झरकटी टोले की आबादी करीब 200 की है और वहा पर ग्रामीण पानी के लिए भटकते है सरकार द्वारा चलाई जा रही नमामि गंगे के अंतर्गत उक्त टोले में अभी तक पानी के लिए पाइप लाइन तक नही बिछाई गयी है ये सरासर लापरवाही का नतीजा है ।ग्रामीण हीरा लाल,रामपाल ,जीतलाल,लखन धारी, शिव प्रसाद,सूरज,राम सुहाग,शोभा लाल,देव शरण आदि ने जिलाधिकारी सोनभद्र का ध्यान आकृष्ट करा कर तत्काल समस्या का समाधान की मांग की है।

# जनसुनवाई/आईजीआरएस में जनपद चित्रकूट पुलिस प्रथम

अमन लेखनी समाचार




चित्रकूट ।जनसुनवाई/आईजीआरएस पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। माह नवम्बर 2025 में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों एवं उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा में जनपद चित्रकूट पुलिस को उ0प्र0 के सभी 75 जिलों में से प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह नोडल अधिकारी आईजीआरएस पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक आईजीआरएस अशोक कुमार यादव प्रभारी आईजीआरएस द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निदेशों का पालन कराते हुये कड़ी मेहनत की गयी । माह जून में माननीय मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जनपद पुलिस द्वारा सभी संदर्भों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी मीरा तथा जनपद के समस्त थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे थानों के पुलिस कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर सभी संदर्भों की ऑनलाइन फीडिंग की गयी एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी गयी, जिस कारण से जनपद चित्रकूट को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । सभी संदर्भों की ऑनलाईन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद चित्रकूट के 09 थानों ने प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।

# अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर दी जान



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इंजानी मे मंगलवार की दोपहर में फाँसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय मानकुंवर पत्नी रामनन्दन गोड़ निवासी पिंडारी मंगलवार को अपने घर से कुछ दूरी पर सेवकाडाँड़ इंजानी के जंगल मे झाड़ी में गमछे के सहारे लटकर अपनी जान दे। जब ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर एनटीपीसी रिहन्द अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को मर्चरी में रखवा दिया गया हैं बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए दूधी भेजा जाएगा और मृतक के पड़ोसी रामलखन गोड़ की तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं। परिजनों ने बताया कि मृतक महिला के पति रामनन्दन बाहर काम करते है और महिला अकेली घर मे रहती थी उसने ऐसा कदम क्यो उठाया पता नही।

# सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग का वार्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर ।वार्षिक निरीक्षण किसी भी संस्थान की गुणवत्ता व उन्नयन के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया है। विद्या भारती में निरीक्षण प्रत्येक वर्ष में एक बार होने वाली अनिवार्य प्रक्रिया है। इस क्रम में सरस्वती शिशु मन्दिर (10+2) पक्कीबाग, गोररखपुर का वार्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ । प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख गोविंद सिंह जी (प्रधानाचार्य )सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग बस्ती के नेतृत्व में आई टीम द्वार संपन्न हुआ। जिसमें डॉ अश्वनी वर्मा, भगवान सिंह प्रधानाचार्य हरैया, मदन जी, सरस्वती विद्या मंदिर रामबाग बस्ती से रवि कुल रतन पाण्डेय प्रवक्ता भौतिकी, आशीष सिंह प्रवक्ता हिंदी, अरुण सिंह गणित टीजीटी, अंशुमान जी अंग्रेजी, प्रदीप जी, रसड़ा से पुरुषोत्तम जी, संतकबीरनगर से शुभेंदु पाठक जी की उपस्थिति रही।

मंचस्थ अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश सिंह जी ने कराया। मुख्य अतिथि गोविंद सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है । हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है हमें फास्ट फूड से बचने की आवश्यकता है ।हमें किसी भी परिस्थिति में धैर्य एवं लगन के साथ कार्य करना चाहिए विपरीत परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए साथ में आए हुए अन्य विषय विशेषज्ञ संघनता एवं सूक्ष्मता पूर्वक अपने-अपने विषय के साथ विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं, शिक्षण प्रशिक्षण आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## जन शिकायत निस्तारण में जनपद सोनभद्र प्रदेश में प्रथम स्थान पर

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रदेश स्तर पर जारी नवीनतम आईजीआरएस रैंकिंग में जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के मामले में जनपद सोनभद्र ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर मॉनिटरिंग तथा जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को जाता है। उनके निर्देशन में सभी प्रकरणों का—प्राथमिकता के आधार पर, संवेदनशीलता के साथ, तथा उच्च गुणवत्ता परक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद सोनभद्र प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचा। विशेष उल्लेखनीय है कि थाना म्योरपुर को छोड़कर जनपद सोनभद्र के सभी थाने भी प्रदेश स्तर पर कन्क्षफर के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी की रैंकिंग में शामिल हैं।

# मजार-समाधि के विवाद को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन

### मजार-समाधि स्थल को बाबा राम अवतार दास की समाधि बताया, प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर। जिले के थाना क्षेत्र भवानीगंज अन्तर्गत हिसामुद्दीनपुर गांव स्थित तकियवा में एक धार्मिक स्थल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को इस स्थल पर पहुंचकर इसे बाबा राम अवतार दास की समाधि बताया। नगर पंचायत बढ़नी चाफा के अध्यक्ष धर्मराज वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने दावा किया कि यह स्थल तीन दशक पहले तपस्वी सन्त बाबा राम अवतार दास की समाधि था। उनका आरोप है कि बाद में इसे जबरन मजार का रूप दे दिया गया। धर्मराज वर्मा ने आरोप लगाया कि यह परिवर्तन 2007 में तत्कालीन विधायक के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उनका कहना है कि इस मुद्दे को सार्वजनिक करने और स्थल के मूल स्वरूप की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यकर्ता यहां आये हैं। धर्मराज वर्मा ने आगामी गुरुवार को स्थल पर भण्डारे और हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह भी अगले गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचेंगे। उनके मुताबिक यह कार्यक्रम बाबा राम अवतार दास की समाधि को पहचान दिलाने का प्रयास है। उधर मामले को लेकर क्षेत्र में चचाएं तेज हो गई हैं। किसी भी संभावित तनाव को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस चौकन्नी है। भवानीगंज थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बनाये रखना प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# मुख्य विकास अधिकारी के आदेशों की जिम्मेदार उड़ा रहे धज्जियां , फरियादी लाचार

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। जिला की तहसील शाहाबाद में खुले तौर पर जिला प्रशासन को ललकार सीडीओ सान्या छावडा जी ने सभी कर्मचारियों के सामने समाधान दिवस शाहाबाद में तहसील प्रशासन को आदेशित करते हुए कहा कि दो दिन में ग्राम सुहागपुर में नवीन परती जमीन पर ग्राम प्रधान रविन्द्र यादव ने दबंगई से गन्ना वो दिया उसकी नाप करके फसल की नीलामी की जाये लेकिन लेखपाल, कानूनगो ,तहसीलदार ने सामने तो जी सर यस सर कहकर समय निकाल दिया गठन टीम का नाम दे दिया शिकायत कर्ता के पास फोन भी कर दिया गया कि आज नाप होगी लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई नाप नहीं हुई। जब शिकायतकर्ता रावेन्द्र कुमार पुत्र मूलचंद ने सीधे जाकर जब नायब तहसीलदार से पूछा तो बताया गया कि कानूनगो प्रमोद कुमार से बात कर लो जब उक्त कानूनगो से बात हुई तो शिकायत कर्ता को सीमा विवाद में उलझा दिया आज किसानों के बीच मे तहसील प्रशासन पर असमंजस हो रही है कि सीडीओ महोदय के बीज बैठकर ईमानदार अफसर बनने का काम करते बाद में मैटर गोल करने में लगे रहते ऐसा क्यूँ इस तरह से जातिबाद साबित हो रहा है कि हो सकता कोई किसी का रिस्तेदार या बिरादर हो लेकिन शिकायत कर्ता अनुसूचित जाति से है इसलिए न हो पा रही नाप। उपरोक्त शिकायत कर्ता की एक ही मांग है कि नाप कराकर फसल को नीलाम किया जाये नहीं तो हम कई किसानों के बीच में आकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे

# बेनीगंज कोतवाली में पासी समाज का प्रदर्शनः अभद्र टिप्पणी और सांसद की तस्वीर जलाने पर मुकद्मे की मांग

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले में अर्कवंशी समाज के कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर पासी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और स्थानीय सांसद अशोक रावत की तस्वीर जलाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आज, पासी समाज के आक्रोशित युवाओं ने एकजुट होकर कोतवाली बेनीगंज का घेराव किया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक ओपी सरोज को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। पासी समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट मांग की है कि अर्कवंशी समाज के उन शरारती तत्वों के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज किया जाए, जिन्होंने समाज की भावनाएं आहत की हैं और एक जनप्रतिनिधि का अपमान किया है ।युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो पासी समाज एक बड़ा और व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा। यह घटना जिले में दो समुदायों के बीच तनाव को बढ़ा रही है, और पुलिस से मामले को शांत करने के लिए सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है।

## सरदापुर में बगैर परमिट काटे गए हरे आम के 2 पेड़, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, टड़ियावां। टड़ियावां क्षेत्र के सरदापुर गांव में हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान का सिलसिला जारी है। सोमवार की शाम गांव के एक व्यक्ति ने अपने दो हरे आम के पेड़ पड़ोसी गांव के एक लकड़कट्टे को बेच दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि ये बेशकीमती पेड़ बगैर किसी परमिट के और पुलिस की कथित शह पर काट दिए गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी मौखिक शिकायत वन विभाग और संबंधित अधिकारियों से की, लेकिन शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि क्षेत्र में हरे पेड़ों को निरंतर बगैर परमिट या परमिट से अधिक काटा जा रहा है ।इस संबंध में पूछे जाने पर डीएफओ ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल: 44 पुलिसकर्मियों को मिली नई जिम्मेदारियां, एसपी ने जारी किए आदेश

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर पुलिस विभाग में एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। तत्काल प्रभाव से, 44 पुलिसकर्मियों—जिनमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक और आरक्षी शामिल हैं—को आवश्यकता, समायोजन और रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए नई तैनाती दी गई है।

निरीक्षक प्रेमपाल सिंह को पुलिस लाइन से हटाकर थाना कासिमपुर में अतिरिक्त इंस्पेक्टर बनाया गया है।

निरीक्षक विजय नारायण शुक्ला को थाना हरपालपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।उपनिरीक्षक सौरभ मलिक को बस अड्डा चौकी सण्डीला और आकांक्षा सिंह को कस्बा पाली चौकी प्रभारी बनाया गया है ।उपनिरीक्षक हृदय राम यादव को थाना सण्डीला भेजा गया, जबकि बिजेन्द्र सिंह को यातायात सण्डी में तैनात किया गया ।विवेक कुमार को मंझिला, आकाश कुमार को कोतवाली शहर, सभानारायण सिंह को कोतवाली देहात, चंद्र प्रकाश को लोनार, और राकेश कुमार को सवायजपुर थाने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ दी गई हैं। श्रेणी में भी बदलाव हुए हैं। श्याम नारायण को संशोधित कर थाना मल्लावां भेजा गया है। हेड कॉन्स्टेबल शैलेन्द्र कुमार को पिहानी और रामज्ञानी राव को बिलग्राम में नई तैनाती मिली है ।महिला आरक्षी वसुधा मिश्रा का मिशन शक्ति सेल से स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें वापस थाना बेहटा गोकुल में रखा गया है, जबकि हिना रहमान को थाना पाली से विशेष जांच प्रकोष्ठ भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने इन आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## विधायक रानू ने वाजपुर नकटौरा में अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। विकास खण्ड वावन की ग्राम पंचायत वाजपुर नकटौरा में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय लोकप्रिय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू भइया' ने शिरकत की। यह कार्यक्रम ग्राम के वरिष्ठ सदस्य भोले शुक्ला जी के संयोजन में आयोजित किया गया था ।विधायक रानू भइया ने इस दौरान ग्राम पंचायत निधि से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इसके साथ ही, उन्होंने तहसील प्रशासन की ओर से भीषण सर्दी को देखते हुए क्षेत्र के निराश्रित जनों को कम्बल वितरित किए ।इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित प्रधान उदय पाल सिंह धरहर, विनोद सिंह रामापुर, अजय प्रताप सिंह चिंकू, राम कुमार मिश्रा, शिवम सिंह, सर्वेश सिंह, विनोद सिंह धरहर और भन्नू सिंह पुरौरी जैसे कई क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अपराध नियंत्रण के लिए एसपी हरदोई की पहल, हरपालपुर में लगाई रात्रि चौपाल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरदोई द्वारा सर्दियों के मौसम में जनपद में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में, थाना हरपालपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम लंकन में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया ।इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ₹हम सबकी निगरानी, गांव की जिम्मेदारी₹ के मूल मंत्र को साकार करना था। एसपी ने उपस्थित ग्रामीणों और समिति के सदस्यों को सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति (महिला सुरक्षा), और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने गांव में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखने पर जोर दिया ।आगामी प्रधानी के चुनाव को देखते हुए, उन्होंने सभी से अपराधियों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने का आह्वान किया। चौपाल के अंत में, ग्राम प्रहरियों को प्रोत्साहित करने के लिए एसपी द्वारा कम्बल और टॉर्च का वितरण भी किया गया ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी हरपालपुर और थाना प्रभारी हरपालपुर भी मौजूद रहे।

## पट्टे की जमीन पर ग्राम प्रधान का कब्जा

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हारदोई ।तालाब के पट्टा होने के बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत पट्टा धारक ने एसडीएम से की है ।सांडी थाना क्षेत्र के नसीरपुर मत्स्य जीवी सहकारी समिति के सचिव देसराज ने एसडीएम बिलग्राम को शिकायती पत्र दिया है । बताया कि कोकटमऊ के गाटा संख्या 492 पर दस वर्षीय पट्टा हुआ था । इस तालाब पर ग्राम प्रधान नीरज तिवारी ने जबरन कब्जा कर रखा है कई बार कहने के बावजूद प्रधान कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं । उसने एसडीएम से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है । एसडीएम एन. राम ने बताया शिकायत मिली है जांच कराई जा रही है।

# जेल में 'नेकी की दीवार' ने बांटे गर्म कपड़े, जीवन मूल्यों पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। 'नेकी की दीवार' टीम ने आज हरदोई जिला कारागार में एक महत्वपूर्ण सेवा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद कैदियों को शीतकालीन वस्त्र वितरित किए। यह पहल जिला कारागार अधीक्षक अमन सिंह के निर्देशन और जेलर योगेश कुमार के प्रबंधन में संपन्न हुई।

इस कार्यक्रम में पुरुष कैदियों को गर्म लोअर, अपर और गर्म कैप प्रदान किए गए। विशेष रूप से, महिला बैरक में बंद महिला कैदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों को भी गर्म कपड़ों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके ।वस्त्र वितरण के साथ ही कैदियों के जीवन मूल्यों पर भी चर्चा हुई। संस्था के संरक्षक श्रवण मिश्र राही ने कैदियों को जीवन का सार समझाते हुए सकारात्मक सोच रखने और भविष्य में सुधार करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के संयोजक सचिन मिश्रा ने कैदियों की अन्य जरूरतों पर विस्तार से बातचीत की और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर संदीप त्रिवेदी, एड. दुर्गेश अग्निहोत्री, सलिल मिश्रा, नितिन मिश्रा, पीयूष खन्ना और शैलू नवलानी सहित 'नेकी की दीवार' टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मानवीय प्रयास से जेल के भीतर भी सकारात्मकता और देखभाल का संदेश पहुँचा।

# फर्जी गन्ना सट्टे के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, डी एम को सौंपा ज्ञापन!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला गन्ना विभाग और डीएससीएल शुगर मिल हरियावां की कथित मिलीभगत से बनाए गए हजारों फर्जी गन्ना सट्टों को निरस्त करने की माँग को लेकर बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे आशीष कुमार सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया ।सिंह सोमवंशी ने आरोप लगाया कि ज्येष्ठ गन्ना विकास अधिकारी, जिला गन्ना विकास अधिकारी और चीनी मिल प्रबंधन की मिलीभगत से फर्जी गाटा संख्या दर्ज कर सट्टे बनाए गए हैं। इसके चलते मूल गन्ना किसान अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं और बिचौलियों को औने-पौने दाम पर गन्ना बेचने को मजबूर हैं ।उन्होंने भोगियापुर, बजेहरा, कुरसेली, बेहटी सहित दर्जनों गाँवों में फर्जी सट्टे बनने का उदाहरण दिया। पूर्व शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने भी किसानों के शोषण पर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने सभी सट्टों की जाँच कर फर्जी सट्टों को निरस्त करने और दोषी अधिकारियों व मिल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



## सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



## विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



## बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



## वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



## वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



## बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी' कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

### एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है।



हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



## एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं। अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

## 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेड: फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेड: फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

### ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

## सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट** : हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स** : 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास** : हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता** : 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड** : 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय** : 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स'**: 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस** : 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।